रोहतक
शनिवार, 27 सितंबर, 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 29, अंक : 238
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 37.2
न्यून. 22.7

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 80,426.46 | 733.22 ▼ |
| निफ्टी | 24,654.70 | 236.15 ▼ |

| धातु | कीमत | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| सोना | 1,17,700/- | 330/- ▲ |
| चांदी | 1,41,900/- | 1900/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | ऊपर/नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 88.72 | 4 पैसे ▲ |
| क्रूड ऑयल 69.15 बैरल | | 0.39% ▼ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।






## पूर्ण राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग पर हुआ हंगामा

# लेह हिंसा में वांगचुक गिरफ्तार जोधपुर जेल भेजा, इंटरनेट बंद



▶▶ केंद्रीय गृह मंत्रालय ने हिंसा का कारण बने उकसावे के लिए वांगचुक को जिम्मेदार ठहराया है। वांगचुक 'लेह एपेक्स बॉडी' (एलएबी) के वरिष्ठ सदस्य हैं। मामले को लेकर गृहमंत्रालय की कड़ी नजर, बुलाई बैठक।

### एनएसए के तहत कार्रवाई, स्कूल और कॉलेज बंद, अलर्ट

भाषा ▶▶| लेह

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को शुक्रवार को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें राजस्थान के जोधपुर सेंट्रल जेल ले जाया गया है। यह कार्रवाई लद्दाख को राज्य का दर्जा और संवैधानिक संरक्षण देने की मांग पर हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दो दिन बाद हुई है, जिसमें केंद्र शासित प्रदेश में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 घायल हुए थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने वांगचुक को लद्दाख से बाहर भेज दिया है जबकि लद्दाख प्रशासन ने एहतियाती कदम के तौर पर लेह जिले के अधिकार क्षेत्र में सभी मोबाइल इंटरनेट कनेक्शन काट दिए हैं। वांगचुक की गिरफ्तारी अचानक हुई।

**अब तक 90 घायल 60 आरोपित गिरफ्तार**

**दो दिन पहले हिंसक झड़प में चार लोगों की गई थी जान, बढ़ गया तनाव**

**सख्ती** लगातार तीसरे दिन कर्फ्यू जारी, शहर के संवेदनशील इलाकों में जवानों की गश्त



**वांगचुक के साथ अपराधी जैसा व्यवहार किया गया : पत्नी गीताजंलि**

**गिरफ्तारी अविवेकपूर्ण इससे हालात बिगड़ेंगे : एलएबी**

**लद्दाख हिंसा की न्यायिक जांच हो : कांग्रेस**

### ऐसे भड़की थी हिंसा

आंदोलनकारियों ने 23 सितंबर की रात 24 सितंबर को लद्दाख बंद बुलाने का आह्वान किया था। भीड़ जुटाने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया गया। लोगों से लेह हिल काउंसिल पहुंचने की अपील की। इसका असर दिखा और बड़ी तादाद में लोग पहुंचे।

### यह रखी मांग

वांगचुक, जो लेह एपेक्स बॉडी के प्रमुख सदस्यों में से एक हैं, करगिल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथ मिलकर राज्य का दर्जा और संविधान की छठी अनुसूची लागू करने की मांग को लेकर पिछले पांच वर्षों से आंदोलन चला रहे हैं। की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है।

### नई दिल्ली में होगी बैठक

एलएबी के अध्यक्ष थुपस्तान छेवांग और सह-अध्यक्ष चेरिंग दोरजे द्वारा जारी संयुक्त बयान में कहा गया है, 'बैठक में निर्णय लिया गया कि गृह मंत्रालय के साथ तैयारी संबंधी एक बैठक 27 या 28 सितंबर को नई दिल्ली में होगी, बशर्ते गृह मंत्रालय तारीख की पुष्टि कर दे। बैठक में लद्दाख के सांसद (मोहम्मद हनीफा जान) के अलावा एलएबी और केडीए (कारगिल डेमोक्रेटिक अलायंस) के तीन-तीन प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें कहा गया है, "तैयारी संबंधी बैठक के बाद गृह मंत्रालय की एक तत्काल आधिकारिक बैठक होगी, जिसमें एलएबी और केडीए के सात-सात सदस्यों वाली एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति चार-सूत्रीय एजेंडे पर चर्चा करेगी।'केंद्र के साथ अगले दौर की बातचीत छह अक्टूबर को होनी है।

## इधर, आई लव मोहम्मद पर बरेली में बवाल...

प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर किया पथराव
पोस्टर और बैनर लेकर सड़क पर उतरे थे

# नमाज के बाद प्रदर्शन पुलिस का लाठीचार्ज

भाषा ▶▶| बरेली

**अब 'स्थिति सामान्य और हालात नियंत्रण में : प्रशासन**

**मऊ समेत यूपी के कई शहरों में प्रदर्शन शुरू**



उप्र के बरेली, मऊ समेत कई जिलों में 'आई लव मोहम्मद' पोस्टर विवाद को लेकर शुक्रवार को बवाल हुआ। बरेली में स्थानीय धर्मगुरु और इत्तेहाद-ए-मिल्लत काउंसिल के प्रमुख मौलाना तौकीर रजा द्वारा 'आई लव मोहम्मद' अभियान के समर्थन में प्रस्तावित प्रदर्शन को स्थगित किए जाने की घोषणा के बाद शुक्रवार को यहां एक मस्जिद के बाहर बड़ी संख्या में एकत्र हुए लोगों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की नमाज के बाद हाथ में 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर लेकर बड़ी संख्या में लोग मौलवी के आवास के बाहर और मस्जिद के पास एकत्र हुए। ये दोनों स्थान कोतवाली क्षेत्र में स्थित हैं और एक-दूसरे से थोड़ी ही दूरी पर हैं।

### दो दर्जन से अधिक हिरासत में

मामले को लेकर जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि स्थिति अब सामान्य और नियंत्रण में है। किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। हम लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। दो दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना में शामिल लोगों की पहचान वीडियो व तस्वीरों के जरिये की जाएगी।

### क्या है विवाद का कारण

इस विवाद का संबंध नौ सितंबर से है जब कानपुर पुलिस ने चार सितंबर को बारावफात के जुलूस के दौरान कानपुर की एक सार्वजनिक सड़क पर कथित तौर पर 'आई लव मोहम्मद' लिखे बोर्ड लगाने के आरोप में नौ नामजद और 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। इस कदम पर हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताई।

*पलवल का मामला*

### मौलवी ने लड़की से की छेड़छाड़, गिरफ्तार

**फरीदाबाद (हरिभूमि न्यूज)।** फरीदाबाद के पलवल जिले के एक गांव में एक मौलवी को नाबालिग हिंदू लड़की को मस्जिद में बंधक बनाने, उससे छेड़छाड़ करने और जबरन इस्लाम में धर्मांतरण कराने का प्रयास करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मौलवी और एक किशोर लड़के को पकड़ा गया है। सदर पलवल पुलिस थाने में आठ लोगों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) की धारा 12 सहित अन्य धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसने बताया कि घटना के बाद से गांव में तनाव बना हुआ है, जिसके चलते मस्जिद के बाहर और पूरे इलाके में विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया है। पुलिस ने कहा कि यह घटना पलवल के एक गांव में हुई, जहां नाबालिग के पिता ने उसे मस्जिद से छुड़ाने के बाद पुलिस अधिकारियों को सूचित किया।

■ धर्म परिवर्तन की कोशिश कलावा काटा तिलक मिटाया











*सुप्रीम फैसला*

### दिल्ली-एनसीआर में पटाखे बनाने की इजाजत, बिक्री बैन

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से कहा है कि दिल्ली-एनसीआर में पटाखों के निर्माण पर लगे पूर्ण प्रतिबंध की समीक्षा के लिए सभी हितधारकों से बातचीत कर निर्णय ले। कोर्ट ने कहा कि संतुलित दृष्टिकोण अपनाना जरूरी है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजनारिया की पीठ ने एमसी मेहता मामले में यह आदेश पारित किया। कोर्ट ने एनईईआरआई और पीईएसओ से प्रमाणित ग्रीन क्रैकर (हरित पटाखे) बनाने वाले निर्माताओं को दिल्ली-एनसीआर में निर्माण की अनुमति दी है।

*मुश्किलें बढ़ी*

### चैतन्यानंद की याचिका खारिज, खाते फ्रीज

**नई दिल्ली।** छात्राओं के यौन शोषण का आरोप झेल रहे चैतन्यानंद सरस्वती की मुश्किलें थमती नहीं दिख रही हैं। स्वामी के खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के मामले में दिल्ली की एक अदालत ने उनकी अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने बाबा से जुड़े 18 बैंक खातों और 28 एफडी को फ्रीज कर दिया है। इन खातों में करीब 8 करोड़ रुपए जमा थे।अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि वर्तमान मामले की जांच अभी प्रारंभिक फेज में है।

## खबर संक्षेप



### हरको बैंक ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

चंडीगढ़। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में हरियाणा राज्य सहकारी बैंक (हरको बैंक) द्वारा सीएमसी अस्पताल, चंडीगढ़ के सहयोग से एक निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। बैंक प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. प्रफुल्ल रंजन, उप महाप्रबंधक श्रीमती उर्वशी गुप्ता और प्रबंधक यशवीर सिंह ने चिकित्सा दल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

### मित्तल ने काली माता मंदिर में माथा टेका



पंचकूला। भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल अपनी पत्नी बिंदु मित्तल संग शारदीय नवरात्रि के पांचवे दिन कालका के प्राचीन काली माता मंदिर में हवन यज्ञ कर जिले की सुख-समृद्धि की कामना की। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष तेजिंदर गुप्ता टोनी, जिला प्रवक्ता तेजिंदर गुप्ता, वरिष्ठ नेता विजय कालिया व अन्य मौजूद रहे।

### एडेड कॉलेजों के कर्मियां ने की नारेबाजी



चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश के 97 सरकारी सहायता प्राप्त (ऐडिड) महाविद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और गैर-शैक्षिक कर्मचारियों ने एकजुट होकर धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने वेतन, संशोधित मकान किराया भत्ता (एचआरए), ग्रेच्युटी सहित कई लंबित मांगों को पुरज़ोर तरीके से सरकार के समक्ष उठाया। प्रदेश के एडेड कॉलेजों में लगभग 4700 स्वीकृत पद हैं, जिनमें से करीब 3000 कर्मचारी कार्यरत हैं।

### पंजाब के बाढ़ पीड़ितों की मदद को चेक सौंपा

चंडीगढ़। बिहार फाउंडेशन के पंजाब एवं चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉक्टर रूपेश कुमार सिंह और पूर्वांचल एसोसिएशन के चेयरमैन राजिंदर सिंह के नेतृत्व में दोनों ही संगठनों के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा से मुलाकात की और राज्य के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए चेक सौंपा. इस प्रतिनिधिमंडल में पूर्वांचल एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके सिंह व अन्य मौजूद रहे।

# स्पष्ट और पारदर्शी कानून ही लोकतंत्र की आत्मा, विधायी ड्राफ्टिंग में प्रशिक्षण से नए कानून बनेंगे जनकल्याणकारी

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हरियाणा विधानसभा द्वारा आयोजित विधायी प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन**

चंडीगढ़। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधायी ड्राफ्टिंग लोकतांत्रिक व्यवस्था की आत्मा है। स्पष्ट, सरल और पारदर्शी कानून ही लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाते हैं और जनता का विश्वास शासन-प्रशासन में और अधिक मजबूत करते हैं। समय के साथ बदलती परिस्थितियों के अनुरूप कानूनों में संशोधन और नए कानूनों का निर्माण आवश्यक है। लोकसभा अध्यक्ष हरियाणा विधानसभा द्वारा लोकसभा की संविधान एवं संसदीय अध्ययन संस्थान के सहयोग से चंडीगढ़ सेक्टर—26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान में विधायी प्रारूपण एवं क्षमता संवर्धन विषय पर आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन करने उपरांत संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण, कर्नाटक विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर फरीद, हरियाणा विस उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा उपस्थित रहे।



### लोकसभा स्पीकर बोले- हरियाणा की धरती लोकतांत्रिक मूल्यों की सदैव प्रहरी रही

बिरला ने कहा कि हरियाणा की धरती लोकतांत्रिक मूल्यों की सदैव प्रहरी रही है। इस राज्य ने आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, औद्योगिक और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर देशभर में अपनी विशेष पहचान बनाई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों की सभी फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदकर एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है।

### पारदर्शी और जवाबदेह शासन मॉडल बनाने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री



### अच्छे और स्पष्ट कानून लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली ताकत : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विधायी ड्राफ्टिंग केवल तकनीकी अभ्यास नहीं, बल्कि लोकतंत्र को अधिक सशक्त, प्रभावी और जनता के करीब लाने का एक माध्यम है। अच्छे और स्पष्ट कानून ही किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था की असली ताकत होते हैं। साथ ही, यह भी आवश्यक है कि ड्राफ्ट बनाते समय भविष्य की चुनौतियों और तकनीकी बदलावों का ध्यान भी रखा जाए।

### विधायी ड्राफ्ट कोई साधारण प्रक्रिया नहीं

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि यह केवल एक प्रशिक्षण कार्यक्रम नहीं है, बल्कि एक सशक्त लोकतांत्रिक परंपरा को और अधिक सरल, जीवंत तथा वर्तमान समय की मांग के अनुरूप बनाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत का लोकतंत्र विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसकी सफलता केवल चुनावी प्रक्रिया पर नहीं टिकी है, बल्कि इस बात पर निर्भर करती है कि हमारे कानून कितने हितैषी हैं। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ उसकी विधायिका होती है।

### संत कबीर कुटीर में स्वागत



### ड्राफ्टिंग में क्लेरिटी, प्रिसिजन व कंसिस्टेंसी जरूरी : कल्याण

चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि लेजिस्लेटि और ड्राफ्टिंग वास्तव में बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है। इसका अर्थ है नीति को औपचारिक और कानूनी भाषा में बदलना ताकि वे साफ, सटीक और सबको समझ में आने योग्य कानून के रूप में सामने आ सके। विधायी ड्राफ्टिंग में भाषा ऐसी हो कि कोई भी नागरिक पढ़कर साफ -साफ समझ सकें कि उसमें क्या लिखा है यानी क्लेरिटी होनी चाहिए। शब्दों का चयन ऐसा हो कि एक ही बात के दो अलग-अलग अर्थ न निकले यानी प्रिसिजन हो। पूरा कानून एक समान नियम और शैली में तैयार किया जाना चाहिए।

## दंगा पीड़ितों को सरकारी नौकरी देने की घोषणा पर सिख समाज ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

# 1984 का काला दिन भारतीय लोकतंत्र व मानवता पर कलंक

**1984 सिख दंगों के पीड़ित परिवारों की पीड़ा हमारी पीड़ा, हरियाणा सरकार परिवारों के साथ**



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सिख समाज एक बहादुर कौम है, जिसने धर्म की रक्षा के लिए सिर कटा दिये, लेकिन झुके नहीं। 1984 सिख दंगों में पीडित परिवारों की पीड़ा हमारी पीड़ा है और सिख समाज का संघर्ष हम सब के लिए प्रेरणादायी है व उनका आत्म-सम्मान सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी यहां आए सिख समाज के लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। प्रदेश सरकार द्वारा मानसून सत्र के दौरान 1984 के दंगा पीड़ितों को सरकारी नौकरी देने का प्रस्ताव पारित करने पर सिख समाज ने आज मुख्यमंत्री का सम्मान एवं आभार व्यक्त किया।

*▶▶ मुख्यमंत्री ने कहा कि सिखों की सेवा भावना विश्व विख्यात है। जहां भी मानवता पर संकट आता है, वहां पर उनकी रक्षा और सेवा के लिए पहुंच जाते हैं। लेकिन जिस समाज ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उसी समाज को वर्ष 1984 में निर्दयता से जख्मी किया गया।*



### 121 परिवारों को सरकारी नौकरी का प्रावधान किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे 121 परिवारों के एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का प्रावधान किया गया था, जिनके किसी सदस्य की जान दंगों में चली गई थी। उन्होंने कहा कि सिख समाज की कुर्बानियों तथा वीरता पर सभी भारतवासियों को भी गर्व है। गुरुओं के आदर्शों व सिद्धान्तों पर चलते हुए समाज हर जगह आगे रहा।

### सिख समाज की सेवा भावना विश्व भर में विख्यात

उन्होंने ने कहा कि सिखों की सेवा भावना भी विश्व विख्यात है। जहां भी मानवता पर संकट आता है, वहां पर उनकी रक्षा और सेवा के लिए पहुंच जाते हैं। सिख समाज की सेवा भावना देश ही नहीं विश्व में भी विख्यात है।

### हिंसा में हजारों लोगों ने प्रियजनों को खो दिया

उन्होंने कहा कि लेकिन जिस समाज ने देश व धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी उसी समाज को वर्ष 1984 में निर्दयता से जख्मी किया गया। काले दिन भारतीय लोकतंत्र और मानवता के इतिहास में एक कलंक के रूप में अंकित हैं।

### दोषियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को तेज किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने सत्ता में आने के बाद यह संकल्प लिया कि वर्ष 1984 की त्रासदी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। परिवारों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम उठाने के साथ साथ उन्हें सम्मान भी दिया जाएगा। हमने विशेष जांच आयोग गठित किए, दोषियों को सजा दिलाने की प्रक्रिया को तेज किया और मुआवजा योजनाओं को लागू किया। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि किसी परिवार को न्याय से वंचित न रहना पड़े। प्रदेश में किसी भी नागरिक के साथ, उसकी जाति, धर्म, भाषा या क्षेत्र के आधार पर अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने भी सिख समाज के योगदान के प्रति बार-बार कृतज्ञता व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री की पहल पर अनेक योजनाएं चल रही है।


## कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।

DD.NO. 19 दिनांक 25.09.2025 धारा 194 बी.एन.एस.एस. थाना सदर गोहाना जिला सोनीपत।



**नाश की पहचान**

नाम- नामालुम
पिता का नाम
नामालुम
पता - नामालुम ।
उम्र-25-30 वर्ष लगभग ।
कद-5 फुट 5 ईन्च लगभग ।
हुलियाः रंग गेंहुआ, हष्ट-पुष्ट शरीर, गोल चेहरा काले बाल, आंखे बंद, नाक में सोने का कोका, नाक व मुंह से खुन निकला हआ।
पहनावा नीले रंग की कालर वाली टी-शर्ट व सफेद जीन्स पहने हुए। पैंट की जैब पर ZARMAN व लाल रंग का Z का मार्क जिसके बीच ZARA का लेबल लगा हुआ है, दाहिने हाथ में कड़ा जिसके ऊपर जय श्री श्याम लिखा हुआ है व N.S का टैटू बना हुआ हैं।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 25.09.2025 को एक नाम पता नामालुम नाश ड्रेन नम्बर 8 गोहाना से जीन्द बाईपास रोड़ गांव महमूदपुर की सीमा से मिली है। नाश को शिनाख्त हेतू अस्पताल भगत फूल सिंह खानपुर कलां में 72 घटों के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। अगर किसी को इस बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0-7419410545
अनुसंधानकर्ता स. उ. नि. राजबाला 770/सोनीपत मो0 न0-9416775472
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच-1084/11/3953/2026/39065/88/6 दि. 26.09.2025



## ☞ यात्रीगण कृपया ध्यान दें ☜

## त्यौहार विशेष रेलगाड़ी

पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ – साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ी का भी संचालन किया जायेगा। इस रेल सेवा की समय–सारणी निम्नानुसार होगीः–

**05625/05626 कामाख्या – रोहतक – कामाख्या त्यौहार विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 14 फेरे

| गाड़ी सं. 05625 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 05626 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 22:00 | कामाख्या | 15:30 | --- |
| 22:55 | 23:05 | वाराणसी | 12:00 | 12:10 |
| 12:40 | 12:55 | दिल्ली जं. | 23:55 | 00:10 |
| 14:45 | --- | रोहतक | --- | 22:10 |

चलने के दिन : 05625 कामाख्या से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 07.11.2025 तक तथा 05626 रोहतक से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2024 से 09.11.2025 तक।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
ठहराव : रंगिया, बरपेटा रोड, न्यू बंगाईगाँव, कोकराझार, न्यू कोचबिहार, न्यू जलपाईगुड़ी, किशनगंज, बारसोई, कटिहार, नवगछिया, मानसी, खगड़िया, बेगूसराय, बरौनी जं., शाहपुर पटोरी, हाजीपुर, सोनपुर, छपरा, बलिया, गाजीपुर सिटी, औंड़िहार जं., ज्ञानपुर रोड, प्रयागराज रामबाग, प्रयागराज जं., गोविंदपुरी, अलीगढ़ जं., गाजियाबाद एवं बहादुरगढ़ स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2983/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


### मंडियों में किसानों से धोखा : सुरजेवाला



चंडीगढ़। हरियाणा में धान और बाजरा की सरकारी खरीदी को लेकर कांग्रेस महासचिव और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि किसानों को मंडियों में भाजपाई धोखा मिल रहा है और सरकारी खरीदी सिर्फ कागज़ों तक सीमित है।सुरजेवाला के अनुसार, 10 जिलों की मंडियों में लगभग 1.44 लाख मीट्रिक टन धान किसान बेचने को मजबूर पड़ा है। 6 जिलों में अब तक खरीदी शुरू ही नहीं हुई, जबकि बाकी जिलों में भी खरीद ऊंट के मुंह में जीरा जैसी है। उन्होंने बताया कि 1509 किस्म का धान खुले बाजार में 2,500-2,900 प्रति क्विंटल बिक रहा है, जबकि उत्पादन लागत कहीं अधिक है। जमीन का ठेका 82 हजार प्रति एकड़ और धान का उत्पादन मूल्य सिर्फ 45,000 प्रति एकड़, किसान कंगाल हो रहे हैं। सुरजेवाला का आरोप है कि बाजरा का सरकारी समर्थन मूल्य 2,775 प्रति क्विंटल है,मगर सैनी सरकार ने आदेश दिया है कि मंडियों में 2,150 से अधिक न खरीदा जाए।

### लाडो लक्ष्मी महज छलावा : सैलजा



चंडीगढ़। सांसद सैलजा ने कहा कि हरियाणा सहित देश की महिलाओं के साथ भाजपा सरकार बार-बार छलावा कर रही है। अब लाडो लक्ष्मी योजना और 2100 देने का जो शोर मचाया जा रहा है, वह भी जनता को गुमराह करने का एक और चुनावी हथकंडा है।सैलजा ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र सभी महिलाओं को 2100 रुपये देने की बात करता है, लेकिन हकीकत में योजना इतनी शर्तों से बंधी है कि अधिकांश महिलाओं को इसका लाभ नहीं मिल पाएगा। योजना में आय सीमा रखकर अधिकांश गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों की महिलाओं को बाहर कर दिया गया है। केवल कुछ गिनी-चुनी महिलाएं ही इसका लाभ ले पाएंगी, जबकि संकल्प पत्र में सभी महिलाओं को लाभ देने की बात कही गई थी।

### महिला शक्ति की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरी लाडो लक्ष्मी : दिग्विजय

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी ने भाजपा सरकार की लाडो लक्ष्मी योजना पर सवाल उठाते हुए इसे वादाखिलाफी बताया है। जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला ने कहा कि इस योजना को सही ढंग से लागू न करके भाजपा सरकार ने हरियाणा की महिला शक्ति के साथ बड़ा धोखा किया हैं। उन्होंने कहा कि योजना के लाभ के लिए एक लाख रुपए की आय निर्धारित करना सरासर गलत है, क्योंकि चुनाव से पहले भाजपा ने सभी महिलाओं को 2100 रुपए मासिक देने का वादा किया था। दिग्विजय ने यह भी कहा कि क्या मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी एक लाख वार्षिक आय से अधिक वाली गरीब परिवार की महिलाओं को अमीरों की सूची में रखते है।

## अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को राहत

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा पावर यूटिलिटीज के रवैये पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को खर्च की प्रतिपूर्ति से वंचित करना उनकी "मनमानी सोच" को दर्शाता है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह मामला "दृष्टि और क्रियान्वयन के बीच की गहरी खाई" को उजागर करता है।हाई कोर्ट ने कहा कि जहां एक ओर राज्य और केंद्र सरकार खेलो इंडिया और फिट इंडिया मूवमेंट जैसी योजनाओं से खेलों को प्रोत्साहन देने के बड़े दावे करती हैं, वहीं खिलाड़ियों को जमीनी स्तर पर सहयोग नहीं मिल पाता। कोर्ट ने कहा कि हम बड़े खिलाड़ियों की उपलब्धियों का जश्न मनाते हैं, लेकिन आम खिलाड़ियों के लिए तंत्र का समर्थन अक्सर नदारद रहता है।

### हाईकोर्ट की हरियाणा पावर यूटिलिटीज पर तल्ख टिप्पणी, रवैया मनमाना

हाई कोर्ट के जस्टिस हरप्रीत सिंह ब्राड ने यह टिप्पणी कनवलदीप और अन्य खिलाड़ियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इन खिलाड़ियों ने जर्मनी के मैनहाइम में 5 से 8 सितंबर 2024 तक आयोजित इंटरनेशनल टग आफ वार वर्ल्ड आउटडोर चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। याचिकाकर्ताओं ने मांग की थी कि उन्हें प्रति खिलाड़ी 3.13 लाख रुपये यात्रा भत्ता ब्याज सहित दिया जाए।

## एचईआरसी की बैठक में मुद्दों पर चर्चा

चंडीगढ़। हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) की 32वीं राज्य सलाहकार समिति (एसएसी) की बैठक पंचकूला स्थित मुख्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एचईआरसी एवं पदेन अध्यक्ष एसएसी ने की। इसमें सदस्य मुकेश गर्ग, सदस्य शिव कुमार , एमडी एचवीपीएनएल जे. गणेशन , एमडी यूएचबीवीएनएल अशोक कुमार मीणा, पूर्व अध्यक्ष एचईआरसी आर.एन. पराशर, सचिव एचईआरसी प्रशांत देष्टा, विद्युत लोकपाल आर.के. खन्ना के साथ उपभोक्ता समूहों, उद्योगों और किसान एग्रो इंडस्ट्रीज, जींद के प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया। बैठक का प्रारंभ सचिव प्रशांत देष्टा के स्वागत भाषण से हुआ।अध्यक्ष नन्द लाल शर्मा ने संबोधन में कहा कि आयोग का अंतिम लक्ष्य उपभोक्ताओं को 24x7 गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सस्ती दरों पर उपलब्ध कराना है। उन्होंने बिजली कंपनियों की परिचालन दक्षता की सराहना की, लेकिन साथ ही प्रमुख चुनौतियों पर प्रकाश डाला—जैसे एटी एंड सी हानियों में कमी व अन्य चीजों पर बात की।


## सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पादरा रोड, वडोदरा 390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआइ बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

### स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी 08 अक्टूबर 2025 को आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि ये बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : असंध | |
| 215862003540 | मोहित राणा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सेक्टर-48 | |
| 418462000992 | पार्थसारथी पार्थसारथी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-यूटीडब्ल्यू. साइबर पार्क | |
| 732762000419 | मोनिका मोनिका |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सोहना | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 091162001244 | राधा बोरा |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सनसिटी | |
| 039962009770 | ईरा रेड्डू |
| शाखा का नाम : निर्जन | |
| 451162000056 | दीप दीप |
| शाखा का नाम : रोहतक-बाबा मस्त नाथ यूनिवर्सिटी | |
| 527662000099 | मनीषा मनीषा |
| शाखा का नाम : चंडीगढ़-सेक्टर-7सी | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 498705000040 | सुमित गोयल |
| शाखा का नाम : चंडीगढ़-सेक्टर 43बी | |
| 583157000001 | विधि गुजरानी |
| शाखा का नाम : दिल्ली-महिपालपुर | |
| 347462001516 | अनिल कुमार अग्रवाल |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-जंगपुरा | |
| 799757000019 | उमा शर्मा |

दिनांक : 27.09.2025
स्थान : गुरुग्राम, जीन्द, करनाल, रोहतक, पंचकूला, यमुनानगर, गुड़गांव, फरीदाबाद

हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## 2017 पंचकूला हिंसा मामला : हाईकोर्ट ने उठाए सरकार की भूमिका पर सवाल, हिंसा रोकने में नाकाम रहे

चंडीगढ़। 2017 में डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह को दुष्कर्म मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पंचकूला में हुई हिंसा पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट अब यह जांच करेगा कि क्या हरियाणा सरकार हिंसा रोकने में नाकाम रही थी या फिर समर्थकों की भीड़ जुटने में उसकी कोई मिलीभगत थी। 25 अगस्त 2017 को पंचकूला में फैली इस हिंसा में 32 लोगों की मौत हुई थी और 118 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का नुकसान हुआ था। उस समय डेरा प्रमुख के समर्थक कथित तौर पर हथियारबंद होकर पहुंचे थे। चीफ जस्टिस शील नागू, जस्टिस विनोद एस भारद्वाज और जस्टिस विक्रम अग्रवाल की पूर्ण पीठ इस मामले से जुड़ी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है।

### आगजनी में 36 लोग मारे गए थे और लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ

अमिक्स क्यूरी वरिष्ठ अधिवक्ता अनुपम गुप्ता ने अदालत से आग्रह किया कि 2017 में अदालत द्वारा तय किए गए संवैधानिक प्रश्नों पर अब फैसला होना चाहिए। उन्होंने अदालत से हिंसा के मामलों में अभियुक्तों को बरी किए जाने और हरियाणा राज्य द्वारा डेरा सच्चा सौदा का समर्थन करने की घटनाओं पर गौर करने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्य राजनीतिक कारणों से डेरा की मदद करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। इससे न्यायालय को मामले को निपटाने के बजाय सुनवाई जारी रखने पर मजबूर होना पड़ा। 2017 में राम रहीम को दोषी ठहराए जाने के बाद हुई आगजनी में 36 लोग मारे गए थे और लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ था


## कार्यालय नगरपालिका, बवानीखेड़ा

### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पी०आई०डी०:-6HP41YH6 Old No. 116-117/10 जो प्रेम प्रकाश पुत्र श्री ठाकुर के नाम दर्ज है। इस प्रॉपर्टी को नवनीत गुप्ता पुत्र प्रेम प्रकाश अपने नाम दर्ज करवाना चाहते हैं। स्व० प्रेम प्रकाश पुत्र श्री ठाकुर दास की मृत्यु दिनांक 26.01.2024 को हो चूकी है। श्रीमती शशीप्रभा गुप्ता पत्नी प्रेम प्रकाश, अवनीश गुप्ता व नवनीत गुप्ता पुत्र प्रेम प्रकाश निवासी बवानी खेडा वारसान तसदीक के आधार पर अपने नाम दर्ज करवाना चाहते हैं। तहसीलदार बवानीखेडा की दिनांक 19.09.2025 की वारसान तसदीक अनुसार 1. श्रीमती शशीप्रभा गुप्ता पत्नी प्रेम प्रकाश 2. अवनीश गुप्ता 3. नवनीत गुप्ता पुत्र स्व० प्रेम प्रकाश पुत्र श्री ठाकुर दास के वारिस होते हैं। इस प्रोपर्टी को नवनीत गुप्ता पुत्र स्व० प्रेम प्रकाश पुत्र श्री ठाकुर दास के नाम दर्ज किये जाने बारे यदि किसी को कोई दावा/आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर-अन्दर अपना दावा/आपत्ति पूर्ण दस्तावेज के साथ नगरपालिका बवानीखेडा में देवें अन्यथा मियाद गुजरने उपरांत उपरोक्त प्रोपर्टी बारे नगरपालिका कार्यालय द्वारा आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। जिसकी नगरपालिका की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

हस्ता/- सचिव नगरपालिका, बवानीखेडा।



## THE SONIPAT COOP. SUGAR MILLS LTD., SONIPAT

**"E-Tender Notice"**

Original Manufacture/Authorized dealer/Reputed & experienced suppliers are requested to submit their rates through e-tendering for the following items. The detailed tender form can be downloaded from e-tendering Portal as mentioned below of related items.

| Sr. No. | Description of Items | e-Tender ID No. |
|---|---|---|
| 1. | Purchase of FRP Pipes and Fittings | 2025_HBC_474485_1 |
| 2. | Regarding purchase of the spares for both mill turbines SS 26 AP Bellis make. | 2025_HBC_474503_1 |

All the tenders will be available on e-tendering Portal https://etenders.hry.nic.in. The bid should be submitted separately in two parts technical as well as commercial. The technical tender will be opened on 01.10.2025 at 09.30 A.M. and the time for opening the financial bid has been fixed on 01.10.2025 at 01:00 P.M. and the negotiation will be held on 03.10.2025 at 12:30 PM onwards, if needed. All the concerned parties must be registered on e-tendering portal. The Mill Management reserves the right to accept/reject any/all tenders/ items without assigning any reason thereof.

Sd/-Managing Director,
The Sonipat Coop. Sugar Mills Ltd.,
Sonipat

**सुविचार**

अच्छे लोग और अच्छी किताबें तुरंत समझ में नहीं आते, उन्हें पढ़ना पड़ता है।
-अज्ञात


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




## अब यादों में रहेगा दुश्मनों का दिल दहला देने वाला 'जांबाज'



चंडीगढ़ (हरिभूमि ब्यूरो)। छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय वायुसेना के लड़ाकू बेड़े की ताकत रहे प्रसिद्ध लड़ाकू विमान मिकोयान-गुरेविच मिग-21 ने शुक्रवार को अंतिम बार उड़ान भरी और इसकी विदाई इतिहास और स्मृतियों में दर्ज हो गई। दुश्मनों का दिल दहला देने वाला यह 'जांबाज' अब हमारी यादों में रहेगा। 1960 के दशक में भारतीय वायुसेना में शामिल किए गए रूसी मूल के युद्धक विमान को भव्य विदाई देने के लिए एक आदर्श नजारा था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिग-21 को एक शक्तिशाली विमान और राष्ट्रीय गौरव बताते हुए कहा कि इस विमान के प्रति गहरा लगाव है, जिसने हमारे आत्मविश्वास को आकार दिया है। मंत्री ने कहा कि मिग-21 केवल एक विमान या मशीन ही नहीं है, बल्कि यह भारत-रूस के मजबूत संबंधों का प्रमाण भी है।" (पेज-5 भी देखें)

## अमेरिकी राष्ट्रपति का टैरिफ को लेकर भारत पर एक और प्रहार...

# ट्रंप ने ब्रांडेड दवाओं पर 1 अक्टूबर से लगाया 100 फीसदी टैरिफ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

अमेरिका के राष्ट्रपति ने रूस से तेल खरीद के मसले पर एक बार फिर से नई दिल्ली को अपने निशाने पर लिया है। जिसमें उन्होंने ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं के आयात पर शत-प्रतिशत (100 फीसदी) तक टैरिफ लगाने की घोषणा की है। जो अगले महीने की शुरुआत यानी 1 अक्टूबर से पूरी तरह से लागू हो जाएगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हमने बीते गुरुवार को मामले पर सोशल मीडिया में एक नोटिस देखा है। जिसमें नए टैरिफ के बारे में बात की गई है। साथ ही मंत्रालय फार्मा और अन्य उत्पादों से संबंधित खबरों के बारे में भी पूरी तरह से अवगत है। भारत यूएस को 30% दवाएं एक्सपोर्ट करता है। संबंधित विभाग और मंत्रालय इस विषय पर बेहद निकटता से नजर रखते हुए इसके प्रभावों की जांच-पड़ताल कर रहे हैं। यह जानकारी रणधीर ने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में दी।

किचन के सामानों पर 50 फर्नीचर पर 30 व भारी ट्रकों पर 25% टैरिफ

### ट्रंप ने ट्रुथ पर की पोस्ट

दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर अपनी एक पोस्ट में कहा कि 1 अक्टूबर 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड और पेटेंटेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। यह कंपनियों पर तब तक लागू रहेगा। जब तक कि वो अमेरिका में अपना प्लांट स्थापित नहीं कर लेती हैं या इस संबंध में अपने काम का आगाज नहीं कर लेती हैं। प्लांट की स्थापना यानी निर्माण का अभिप्राय यहां पर भूमि निर्माण या निर्माणाधीन से है। अगर इन दवाओं पर निर्माण शुरू हो गया है तो वह टैरिफ से अछूती रहेंगी।



अमेरिका को 30 फीसदी दवाएं एक्सपोर्ट करता भारत

### पहले लगाया 50% टैरिफ

अमेरिका के राष्ट्रपति ने पूर्व में भारत पर रूस से किए जा रहे कच्चे तेल के आयात को लेकर दुनिया में सबसे ज्यादा 50 फीसदी टैरिफ लगाया था। जिसमें 25 फीसदी भाग जुर्माने से जुड़ा हुआ है। ट्रंप ये भी कह चुके हैं कि भारत और चीन यूक्रेन युद्ध के बीच रूस की जंग को बढ़ावा देने के लिए अपने तेल आयात के जरिए उसे एक प्रकार से उसे वित्तीय मदद के साथ ही युद्ध के लिए जरूरी ईंधन भी प्रदान कर रहे हैं। भारत को लेकर हालांकि कभी उनका रुख नरम तो कभी अत्यधिक गरम नजर आता है।



### जायसवाल बोले, यूएस से 2,417 भारतीय लौटे

रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस साल जनवरी महीने से 2 हजार 417 भारतीयों को वापस भारत भेजा जा चुका है। हमारा अवैध प्रवासन को लेकर मजबूत रुख कायम है। साथ ही हम प्रवासन के वैध तरीकों को बढ़ावा दिए जाने के पक्ष में हैं। लेकिन साथ ही ऐसे किसी भी मामले में भारतीय नागरिक होने को लेकर किए जा रहे किसी भी दावे की हम बेहद गंभीरता के साथ व्यापक पड़ताल करते हैं। ऐसा कोई व्यक्ति जिसकी किसी अन्य देश में कोई वैध उपस्थिति नहीं है।

### एफ1बी वीजा पर संपर्क बना हुआ

*उन्होंने बीते 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में यूएनजीए की बैठक के पूर्व में भारत और अमेरिका के विदेश मंत्रियों की ऑपरेशन सिंदूर के बाद हुई पहली प्रत्यक्ष द्विपक्षीय बैठक का भी जिक्र किया। जिसमें बताया कि बैठक में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और डॉ. एस. जयशंकर के बीच हुई चर्चा के केंद्र में व्यापार व शुल्क जैसे मुद्दों पर केंद्रित थी। द्विपक्षीय संबंधों के अन्य पहलुओं पर भी इस दौरान चर्चा की गई थी। एच1बी वीजा के मामले पर विदेश मंत्रालय और वाशिंगटन डीसी में हमारा दूतावास अमेरिका के प्रशासन के साथ सक्रिय संपर्क में बना हुआ है। जिसके बाद अमेरिकी पक्ष ने स्पष्टीकरण के साथ ही एफएक्यू जारी किए।*

### रूसी सेना में तैनात 27 भारतीय

*रणधीर ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि भारत की जानकारी के मुताबिक, वर्तमान में रूस की सेना में 27 भारतीय नागरिक सेवारत (तैनात) हैं। विदेश मंत्रालय इस मामले में उनके परिवार के सदस्यों के साथ बेहद निकटता से संपर्क बनाए हुए है। हमने अपने नागरिकों की रिहाई के लिए मुद्दे को जोरदार अंदाज में उठाया है। मंत्रालय एक बार फिर से सभी भारतीयों से यह अनुरोध करता है कि वो रूस की सेना में सेवा करने के लिए दिए जा रहे प्रस्तावों से दूरी बनाकर रखें। क्योंकि इन प्रस्तावों के साथ खतरा और जीवन के लिए जोखिम साथ में जुड़ा हुआ है।*

## यह नेटवर्क देश का पहला व पूरी तरह स्वदेशी

## पीएम मोदी आज करेंगे स्वदेशी 4 जी नेटवर्क और 98,000 मोबाइल टावरों का शुभारंभ

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को देश का पहला पूरी तरह स्वदेशी, सॉफ्टवेयर-आधारित 4जी नेटवर्क लॉन्च करेंगे, जिसे भविष्य में 5जी के लिए भी तैयार किया गया है। इसके साथ ही, पूरे देश में लगभग 98,000 नए मोबाइल टावर भी लगाए जाएंगे। यह जानकारी केंद्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को साझा की। सिंधिया ने इसे निर्णायक बताते हुए कहा कि इस पहल से देश का कोई भी हिस्सा संचार कनेक्टिविटी से वंचित नहीं रहेगा।






## टेक्नोलॉजी से भीड़ संभालेंगे

# तिरुपति मंदिर बनेगा पहला एआई टैंपल

नई दिल्ली (भाषा)। भारत के मशहूर धार्मिक स्थल तिरुमला तिरुपति मंदिर में जल्द एआई से लैस कमांड कंट्रोल सेंटर शुरू होने जा रहा है।



मंदिर में टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके भीड़ को संभालने का काम किया जाएगा। यह भारत के किसी भी मंदिर शुरू होने वाला अपनी तरह का पहला कमांड सेंटर होगा। तिरुपत मंदिर को पहला एआई टैंपल कहा जा रहा है। तकनीक और एआई का इस्तेमाल करके मंदिर में आ रही भीड़ का आकलन किया जाएगा। कितने भक्त लाइन में लगे हैं, जिन्हें भगवान के दर्शन करने हैं।

## टी-20 एशिया कप

# भारत ने सुपर ओवर में श्रीलंका को हराया

दुबई (भाषा)। भारत ने एशिया कप 2025 में अपना अजेय अभियान जारी रखा है। आखिरी सुपर-4 मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। इसमें भारत को 3 रन का टारगेट मिला था, जिसे भारतीय कप्तान



सूर्यकुमार यादव ने पहली बॉल पर ही हासिल कर लिया। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका भी 20 ओवर में 5 विकेट पर 202 रन बना सकी। ऐसे में फैसला सुपर ओवर में हुआ। इससे पहले भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा ने 31 बॉल पर 61 रन बनाए। तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन की पारी खेली। संजू सैमसन ने 39 और अक्षर पटेल ने नाबाद 21 रन बनाए। 203 रन का टारगेट चेज कर रही श्रीलंकाई टीम से पथुम निसांका ने 58 बॉल पर 107 रन की पारी खेली। (विस्तृत खेल पेज पर)

## 13 अक्टूबर से संगोष्ठी

# दिल्ली में जुटेंगे 12 देशों के सेना प्रमुख

नई दिल्ली (हरिभूमि ब्यूरो)। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में किए गए ऑपरेशन सिंदूर के बाद अगले महीने यह पहला मौका होगा। जब भारत में एक महत्वपूर्ण और वैश्विक स्तर की संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें संयुक्त राष्ट्र में सैन्य भागीदारी करने वाले देशों के सेनाप्रमुख एक साथ नई दिल्ली में जुटेंगे। मौका होगा यूएनटीसीसी राष्ट्रों के सेनाप्रमुखों की संगोष्ठी का यानी 'चीफ्स कॉन्क्लेव-25' का। जिसे 13 से 16 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अभी तक कुल करीब एक दर्जन से अधिक देशों के सेनाप्रमुखों ने आधिकारिक रूप से अपनी सहमति प्रदान कर दी है।

**यूएन में सैन्य भागीदारी करने वाले देश आएंगे चीन-पाक को न्योता नहीं**

## खून से लथपथ होने का वीडियो आया...

**एक भारतीय युवक के घायल होने की भी सूचना**

# कुरुक्षेत्र के युवक की फ्रांस में हत्या

इकलौता बेटा था, शव आने में एक माह लगेगा



हरपाल 15 वर्ष पहले पेरिस गया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र जिले के युवक की फ्रांस में हत्या कर दी गई। इस घटना एक वीडियो सामने आया है। जिसमें 35 वर्षीय हरपाल सिंह हैरी खून से लथपथ फर्श पर पड़ा है। वीडियो सामने आने के बाद से पिहोवा के गांव सतौड़ा में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उनका कहना है कि अभी उन्हें नहीं पता कि हरपाल के साथ क्या हुआ। हरपाल उर्फ हैरी 15 साल पहले काम की तलाश में फ्रांस के पेरिस गया था। उसके पास पुर्तगाल की नागरिकता भी है। वहां वह होटल में काम करता था। हरपाल के पिता बलबीर सिंह गांव में खेती-बाड़ी करते हैं। उन्हीं के साथ हरपाल की पत्नी व दो बच्चे रहते हैं। परिजनों का कहना है कि शव आने में करीब एक महीना लग सकता है। पहले फ्रांस पुलिस मामले की जांच करेगा। साथ ही एक भारतीय युवक के घायल होने की भी सूचना है, उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### पेट व सीने पर गहरे घाव

वीडियो में हरपाल खून से लथपथ जमीन पर गिरा नजर आ रहा है। उसके आसपास कुछ लोग खड़े हैं, हालांकि उनके चेहरे नजर नहीं आ रहे। वे हिंदी में बात कर रहे हैं, इससे लगता है कि वे भारतीय ही होंगे। कोई व्यक्ति बेजान हो चुके हरपाल की गर्दन उठाकर पानी की बोतल लेकर खड़ा है। पीछे से आवाज आ रही है कि पानी मत पिलाओ कोई हरपाल की टी-शर्ट उठाकर घाव दिखाता है। पीछे से आवाज सुनाई पड़ रही है कि कहां-कहां मारा है। पेट के अलावा सीने में हार्ट व किडनी के पास गहरे घावों से खून रिसता दिख रहा है।


NPS TRUST

UPS Unified Pension Scheme — Assured Payout for Government Employees

केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिए यूपीएस

सुनिश्चित पेंशन, निश्चिंत मन

विभिन्न स्तर और प्रवेश की उम्र के लिए यूपीएस के भुगतान की तुलना



| विवरण | ग्रुप-ए, लेवल 10 | | ग्रुप-बी, लेवल 6 | | ग्रुप-सी, लेवल 1 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | (प्रवेश के समय उम्र 25 वर्ष) | (प्रवेश के समय उम्र 30 वर्ष) | (प्रवेश के समय उम्र 25 वर्ष) | (प्रवेश के समय उम्र 30 वर्ष) | (प्रवेश के समय उम्र 25 वर्ष) | (प्रवेश के समय उम्र 30 वर्ष) |
| मासिक मूल वेतन | ₹56,100 | ₹56,100 | ₹35,400 | ₹35,400 | ₹18,000 | ₹18,000 |
| आज की स्थिति में मौजूदा एनपीएस टियर 1 कॉर्पस | ₹0 | ₹0 | ₹0 | ₹0 | ₹0 | ₹0 |
| सेवानिवृत्ति के बाद मासिक भुगतान स्वीकार्य भुगतान + डीआर | ₹2,58,236 + डीआर | ₹1,44,525 + डीआर | ₹1,62,951 + डीआर | ₹91,197 + डीआर | ₹82,856 + डीआर | ₹46,372 + डीआर |
| (i) सेवानिवृत्ति पर एकमुश्त भुगतान | ₹1,13,40,935 | ₹63,47,085 | ₹71,56,312 | ₹40,05,112 | ₹36,38,803 | ₹20,36,498 |
| (ii) सेवानिवृत्ति पर अंतिम आहरित भुगतान | ₹7,17,54,124 | ₹4,14,71,372 | ₹4,52,78,003 | ₹2,60,25,901 | ₹2,31,40,920 | ₹1,33,06,322 |
| (iii) सेवानिवृत्ति चरण में अभिदाताओं को कुल मासिक भुगतान | ₹8,66,43,209 | ₹5,48,38,490 | ₹5,46,73,252 | ₹3,45,38,204 | ₹2,78,59,636 | ₹1,75,95,240 |
| अभिदाता द्वारा प्राप्त किए जाने वाले कुल अपेक्षित लाभ (i+ii+iii) | ₹16,97,38,267 | ₹10,26,56,947 | ₹10,71,07,567 | ₹6,45,69,217 | ₹5,46,39,359 | ₹3,29,38,060 |



59 वर्ष की आयु से पहले आप एक बार यूपीएस से एनपीएस में वापस स्विच कर सकते हैं।

ऑनलाइन आवेदन करने के लिए: npscra.nsdl.co.in/ups.php#RUSU

भौतिक रूप से आवेदन करने के लिए, फॉर्म डाउनलोड करें: npscra.nsdl.co.in/ups.php#5

- यूपीएस के अंतर्गत अपने भुगतानों की गणना हेतु कृपया https://npstrust.org.in/ups-calculator पर यूपीएस केलक्यूलेटर देखें
- उपरोक्त गणना अनुमान पर आधारित है। अधिक जानकारी हेतु वेबसाइट https://npstrust.org.in पर यूपीएस केलक्यूलेटर देखें
- कृपया पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण यूपीएस विनियम, 2025 तथा सीसीएस यूपीएस नियम, 2025 का संदर्भ लें।

*यूपीएस के तहत निवेश बाज़ार जोखिम के अधीन हैं।

2025 सितम्बर 30 — यूपीएस के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि

यूपीएस की अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

पेंशन की गणना के लिए इसे स्कैन करें

अधिक जानकारी के लिए यूपीएस हेल्पडेस्क (टोल-फ्री) पर संपर्क करें: 18005712930 | हमें फॉलो करें

**नवरात्र पर विशेष**



## पंचम-स्कंदमाता

सर्वशक्तिमान, ममतामयी मां स्वरूपा भगवती दुर्गा का पांचवां रूप स्कंदमाता के रूप में प्रतिष्ठित है। अपने ब्रह्मचारिणी स्वरूप में देवी ने तपस्या करके भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त किया। भगवान शिव और शक्ति के पुत्र के रूप में स्कंद का जन्म हुआ, जिन्होंने देवताओं की सेना का संचालन किया। देवताओं के सेनापति सनत कुमार की माता के रूप में देवी का स्कंदमाता स्वरूप ममतामयी और मनमोहक है। देवी की गोद में स्कंद विराजमान हैं, देवी की चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं। शुभ्रवर्णी देवी पदम पर विराजमान हैं। सिंह इनका वाहन है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया के बंधनों से दूर रहता है। स्कंदमाता की आराधना का मंत्र है-

**सिंहासनगता नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।**
**शुभदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी॥**

## खबर संक्षेप

### नशीली गोलियों का जखीरा बरामद, युवक गिरफ्तार

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में प्रतिबंधित गोलियां व कैप्सूल सहित आरोपी राजेश कुमार उर्फ बिट्टू निवासी मौजगढ़ को काबू किया है। पुलिस ने युवक की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 10 पत्ते (100 गोलियां ट्रामाडोल), 80 पत्ते (800 गोलियां टेम्पेंटाडोल) व 50 पत्ते (750 कैप्सूल प्रेगाबलीन) बरामद हुए। आरोपी से मिली 100 गोलियां ट्रामाडोल एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत होने पर आरोपी के खिलाफ थाना सदर डबवाली में मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### 12 कंपनियों ने 188 युवाओं को किया शॉर्टलिस्ट

**चोपटा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथूसरी चौपटा में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। जूनियर अप्रेंटिस अधिकारी अमनदीप ने बताया कि यह मेला छात्रों को सीधे कंपनियों से जोड़कर उनके करियर को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। मेले में देश की 12 प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियां संस्थान परिसर में पहुंची। संस्थान के 223 छात्र छात्राओं ने साक्षात्कार के बाद कंपनियों के चयन पैनल ने 188 होनहार छात्र छात्राओं को तुरंत शॉर्टलिस्ट किया।

**बढ़ी परेशानी : किसानों को प्रति एकड़ 20 हजार का नुकसान**

# बारिश की मार, बासमती का उत्पादन प्रति एकड़ 6 से 8 क्विंटल गिरा

**प्रदेशभर की मंडियों में धान की आवक शुरू**

*पिछले दिनों भारी बारिश के चलते धान की फसल में काफी पानी भर गया था। कई क्षेत्रों में धान की फसल डूब गई थी, जिसके चलते इस बार बासमती धान के उत्पादन में भारी कमी आई है। किसानों को नुकसान सहना पड़ेगा।*



सुरेन्द्र असीजा ▸▸ फतेहाबाद

प्रदेश की मण्डियों में इस समय बासमती किस्म के धान की फसल तेजी से आनी शुरू हो गई है। पिछले दिनों भारी बारिश के चलते धान की फसल में काफी पानी भर गया था। कई क्षेत्रों में धान की फसल डूब गई थी, जिसके चलते इस बार बासमती धान के उत्पादन में भारी कमी आई है। एक अनुमान के अनुसार इस समय किसान को 20 से 25 हजार रुपये प्रति नुकसान झेलना पड़ रहा है। दरअसल काफी समय तक धान की फसल से पानी नहीं निकल पाया, जिस कारण उत्पादन में कमी आई। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि 1509 धान की अगेती फसल में प्रति एकड़ 6 से 8 क्विंटल तक की कमी आई है। हालांकि परमल धान अभी मण्डियों में आना शुरू हुआ है लेकिन अंदाजा लगाया जा रहा है परमल धान के उत्पादन में भी इस बार कमी आएगी।



फतेहाबाद। मण्डियों में आया बासमती 1509 किस्म का धान। फोटो : हरिभूमि

### बालियों के फूल झड़े दाने विकसित नहीं हुए

जिस समय धान की फसल में वालियां विकसित हो रही थीं, उसी समय प्रदेशभर में लगातार दो सप्ताह बारिश होती रही। बालियों का झाड़ झड़ गया। इससे दाने पूरी तरह विकसित नहीं हो पाए। बारिश के बाद धान की फसल में शीत ब्लास्ट और तेला का प्रकोप भी रहा। इस कारण उत्पादन पर असर पड़ा है। अगेती फसल में नुकसान ज्यादा है।

-डॉ. राजेश सिहाग, कृषि उपनिदेशक, फतेहाबाद

### प्रति एकड़ 14 से 22 क्विंटल तक उत्पादन

इस बार धान का प्रति एकड़ उत्पादन पिछले साल के मुकाबले 6 से 8 क्विंटल तक कम हो रहा है। इस धान की खरीद सरकार नहीं करती। निजी व्यापारी व एक्सपोर्टर ही इसकी खरीद करते हैं। इस किस्म के बासमती धान का रेट अभी औसतन करीब 3 हजार रुपए प्रति क्विंटल के आसपास चल रहे है। ऐसे में किसानों प्रति एकड़ 20 से 25 हजार रुपए का नुकसान हो रहा है। पिछले साल प्रति एकड़ 20 से 28 क्विंटल तक धान निकला था। इस बार 14 से 22 क्विंटल तक उत्पादन है। कुछ किसानों के खेत में उत्पादन प्रति एकड़ 10 क्विंटल तक कम है। माना जा रहा है कि परमल धान का उत्पादन भी 6 से 8 क्विंटल प्रति एकड़ कम निकल रहा है। हालांकि इसका अंदाजा धान के मण्डियों में आने के बाद ही लगेगा।

### लागत बढ़ी पर आमदनी घटी

इस बार फसलों में बीमारियों के कारण कीटनाशकों पर खर्च बढ़ा है। 1509 धान मंडियों में 2800 से 3 हजार रुपए क्विंटल तक बिक रहा है। रेट पिछले साल से 200 से 400 रुपए कम हैं। साथ ही उत्पादन घटने से किसानों को फायदे के बजाय दोहरा नुकसान हो रहा है। किसानों का कहना है कि 1509 धान प्रति एकड़ 14-16 क्विंटल निकला। पिछले साल 22 से 24 क्विंटल था। प्रति एकड़ 20 से 25 हजार रुपए का नुकसान है। किसानों ने बताया, इस बार धान का रेट भी 200 से 400 रुपये प्रति क्विंटल कम मिल रहा है, जिस कारण उन पर दोहरी मार पड़ रही है। गांव अहलीसदर के निवासी धर्मवीर ने बताया कि पिछले साल से उत्पादन 4 से 6 क्विंटल कम हुआ। दरियापुर के रामेश्वर ने कहा, धान उत्पादन में बड़ी गिरावट है। फतेहाबाद मंडी में फसल बेचने आए किसान सुरेन्द्र सिंह ने कहा, धान उत्पादन 30 से 40 प्रतिशत कम है।

**नजफगढ़ में दोहरा हत्याकांड मामला**

# दो बदमाशों का गुरुग्राम पुलिस ने किया एनकाउंटर

**पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़**



**दोनों बदमाशों और सब इंस्पेक्टर को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

दिल्ली के नजफगढ़ में हुए दोहरे हत्याकांड और उसके चश्मदीद गवाहों की हत्या करने वाले दो बदमाशों का गुरुग्राम पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। 13 राउंड हुई फायरिंग में दो गोलियां बदमाशों के पैरों पर लगी हैं। आरोपियों को घायल अवस्था में सेक्टर-10 सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है। दोनों ही आरोपियों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित है। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर-40 क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई ललित कुमार को सूचना मिली थी कि दिल्ली के नजफगढ़ एरिया में हुए दोहरे हत्याकांड और उसके चश्मदीद गवाहों की हत्या करने वाले बदमाश गुड़गांव के धनकोट एरिया में है। इन बदमाशों को पकड़ने के लिए दिल्ली पुलिस का स्पेशल सेल भी लगा हुआ है। इस सूचना पर क्राइम ब्रांच ने धनकोट एरिया में घेराबंदी कर दी। दिल्ली पुलिस के साथ चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में जब बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने गोली चला दी। इस घटना में दिल्ली पुलिस के एसआई विकास के हाथ में गोली लगी। वहीं, जवाबी कार्रवाई में बदमाशों के पैर पर लगी जिन्हें मौके पर काबू कर लिया गया।

### दोनों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित था

पुलिस की मानें तो दोनों ही बदमाश दिल्ली के दोहरे हत्याकांड व उसके चश्मदीद गवाहों की हत्या करने के मामले में वांछित थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली पुलिस ने दोनों पर 50-50 हजार का इनाम घोषित किया हुआ था। फिलहाल दोनों बदमाशों और सब इंस्पेक्टर को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों के खिलाफ राजेंद्रा पार्क थाने में संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपियों की अस्पताल से छुट्टी होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर पूछताछ की जाएगी।

### रिश्ता पक्का कर किया युवती का यौन शोषण, अब तोड़ दिया

**जींद।** युवती के साथ रिश्ता पक्का कर यौन शोषण करने तथा बाद में रिश्ता तोड़ने पर सदर थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ यौन शोषण करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सदर थाना इलाका गांव की युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कैथल के सुमित के साथ रिश्ता पक्का हुआ था। जिसके बाद बातचीत के साथ मिलने का सिलसिला शुरू हो गया। आरोपित ने शादी होने की बात कह कर उसके संबंध बना लिए।

**27 जनवरी 2024 को केस दर्ज किया**

## दुष्कर्म करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अमित गर्ग की अदालत ने एक नाबालिग से बलात्कार के मामले में सुनवाई करते हुए दोषी राहुल कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 2 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है, जो पीड़िता को क्षतिपूर्ति के रूप में प्रदान किया जाएगा। यह मामला वर्ष 2024 में दर्ज हुआ था। पीड़िता ने राहुल कुमार पुत्र ओम प्रकाश उर्फ प्रकाश निवासी गुरुनानकपुरा, फतेहाबाद के विरुद्ध महिला थाना फतेहाबाद में एफआईआर दर्ज करवाई थी। मामला भारतीय दंड संहिता की धारा 376(3), 366, 506 एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 4(2) के अंतर्गत दर्ज किया गया था। एसपी सिद्धांत जैन ने बताया कि महिला थाना प्रभारी ने कार्रवाई करते हुए 27 जनवरी 2024 को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था।

### सोने चांदी के आभूषण बदलकर महिला को थमाए नकली जेवर

**यमुनानगर।** फरकपुर की नंदा कॉलोनी में एक व्यक्ति ने सोने चांदी के जेवर बदलकर महिला को नकली जेवर थमा दिए। महिला ने जब जेवर चैक करवाए तो वह नकली मिले। अपने जेवर वापस मांगने पर आरोपी ने महिला को झूठे केस में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। आरोपी व्यक्ति के सास-ससुर ने भी उल्टा महिला को धमकाया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। नंदा कॉलोनी निवासी जहीदा ने फरकपुर पुलिस को इसकी शिकायत दी है।

**हैवी लाइसेंस के लिए मांगी थी तीन हजार की रिश्वत**

## भ्रष्टाचार में फरार चल रहा बस चालक धरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

एंटी करप्शन ब्यूरो अंबाला की टीम ने भ्रष्टाचार मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी कैथल में हरियाणा रोडवेज के बस चालक जोरा सिंह को गिरफ्तार किया है। इससे पहले जोरा सिंह के साथी ड्राइवर हाकम सिंह को एसीबी ने 7 जुलाई को 3 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए कैथल के बस स्टैंड से गिरफ्तार किया था। मामले में अंबाला एसीबी को बात्ता के अंककुश ने हैवी लाइसेंस ट्रेनिंग के दौरान गैर हाजिरी लगाने की एवज में




आरोपी एसीबी के गिरफ्त में।

रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। अंकुश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह वह हैवी लाइसेंस ट्रेनिंग लेने के लिए कैथल के रोडवेज स्कूल में गया था। जहां पर उसने 3540 रुपये की सरकारी फीस जमा करवाई। इसके बाद बाद उसकी ट्रेनिंग के लिए हाकम सिंह व जोरा सिंह ड्राइवर की ड्यूटी लगाई गई थी। दोनों ड्राइवर एक साथ रहते हैं। जोरा सिंह व हाकम सिंह ने उसको कई बार कहा कि उसकी ट्रेनिंग ठीक से हो जाएगी। 2 जुलाई को उसने हाकम सिंह को फोन किया तो उसने कहा कि उन्हें 3 हजार रुपए दे और सेंटर पर केवल हाजिरी लगाकर चल जाए। जोरा सिंह को 7 जुलाई को फोन किया तो जोरा सिंह ने उसे बताया कि वह मुरथल में 15 दिन की ट्रेनिंग के लिए आया हुआ है।

### फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनाई, चार के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल।** चीका थाना पुलिस ने गैरकानूनी तरीके से फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनाने के आरोप में चार व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला नगर पालिका चीका के सचिव की शिकायत पर दर्ज किया गया है। इस संबंध में नगर पालिका चीका के सचिव ने चीका पुलिस को दी शिकायत में बताया कि जांच के दौरान पाया गया कि 26 जुलाई 2024 को राजेश कुमार, रमेश कुमार, राजेंद्र कुमार तथा राजकुमार द्वारा चीका के अनाधिकृत क्षेत्र में गलत तरीके से फर्जी प्रॉपर्टी आईडी बनाते हुए विभाग के साथ धोखाधड़ी की। चीका पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी

जैवप्रौद्योगिकी विभाग
DEPARTMENT OF BIOTECHNOLOGY
बाइरैक birac
जैव प्रौद्योगिकी उद्योग अनुसंधान सहायता परिषद् (बाइरैक)
(भारत सरकार का उपक्रम)
Biotechnology Industry Research Assistance Council (BIRAC)
(A Govt. of India Enterprise)
निम्नलिखित पद हेतु आवेदन आमंत्रित हैं
निदेशक (संचालन)
जैव प्रौद्योगिकी विभाग में आवेदन/नामांकन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन है।
पदों की संख्या, वेतनमान, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, भर्ती पद्धति एवं आवेदन प्रारूप सहित विस्तृत विज्ञापन निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपलब्ध है :
www.dbtindia.gov.in
www.birac.nic.in
CBC 36302/12/0001/2526

राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
NHIDCL अवसंरचना निर्माण- राष्ट्र निर्माण
भारतमाला प्रगति के पथ पर अग्रसर
कॉरपोरेट कार्यालयः प्रथम तल, टावर-ए, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
एनएचआईडीसीएल भर्ती सूचना न. 01/2025
राष्ट्रीय राजमार्ग एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल); आईडीए वेतनमान 50,000-3%-1,60,000 (स्तर ई2) में उप-प्रबंधक (तकनीकी) के 34 पदों (अनारक्षित-16, अजा-04, अजजा-02, अपिव-09, ईडब्ल्यूएस-03 (सरकारी दिशानिर्देशों के अनुसार पीडब्ल्यूबीडी के लिए क्षैतिज आरक्षण सहित) के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।
पात्रताः अधिकतम आयु 34 वर्ष (छूट लागू); सिविल इंजीनियरिंग में डिग्री; सिविल इंजीनियरिंग में वर्ष 2023/2024/2025 के लिए वैध गेट स्कोर।
चयनः गेट स्कोर के आधार पर (सीधी भर्ती द्वारा)।
आवेदनः इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने के लिए कंपनी की वेबसाइट www.nhidcl.com (भर्ती अनुभाग) पर जाएं।
तिथियांः ऑनलाइन आवेदन 04.10.2025 से उपलब्ध होगा और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 03.11.2025 है।
आरक्षण, कार्य के उत्तरदायित्वों, लाभों और सामान्य निर्देशों सहित विस्तृत विज्ञापन के लिए, www.nhidcl.com पर जाएं या 27.09.2025 के रोजगार समाचार में प्रकाशित पूर्ण भर्ती सूचना देखें।
महाप्रबंधक (भर्ती)
अवसंरचना निर्माण, राष्ट्र निर्माण
CBC 37112/12/0002/2526

### बीड़ी पीने की लत पड़ी महंगी, बिस्तर में आग लगने से बुजुर्ग की मौत

**यमुनानगर।** जगाधरी वर्कशॉप की नंदा कॉलोनी में आग लगने से पैरालाइज बुजुर्ग की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक को बीड़ी पीने की लत थी। वह चारपाई पर लेटकर बीड़ी पीता रहता था। बीड़ी पीते समय उसे नींद आ गई। जिस कारण बीड़ी की चिंगारी से बिस्तर में आग लग गई। कूलर की हवा से आग तेजी से भभक गई। पैरालाइज होने के कारण बुजुर्ग चारपाई से उठ भी नहीं सका। हालांकि हादसे के समय मृतक की पत्नी भी दूसरे कमरे में काम कर रही थी। मगर उसे ऊंचा सुनाई देता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

### कंपनी कर्मचारी ने फंदा लगाकर जान दी

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 में किराए के कमरे में रह रहे एक कंपनी कर्मचारी ने वीरवार की रात फांसी का फंदा लगाकर जान दे दी। वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

मूल रूप से जींद जिले के गांव चितलपुरी निवासी 36 वर्षीय अनिल कुमार एक कंपनी में कार्यरत था। वह सेक्टर में किराए के कमरे में रह रहा था। शुक्रवार को वह सुबह देर तक कमरे से बाहर नहीं आया, तो उसके पड़ोसी ने कमरे की ओर जाकर देखा। अनिल का शव पंखे से लटक रहा था। उसने इसकी सूचना आसपास के लोगों और पुलिस को दी।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में किमी. 0.00 से 1.80 में बरवाला में बरवाला अग्रोहा रोड से गऊशाला तक रेलवे चारदीवारी तक नए रोड का निर्माण (माननीय पीडब्ल्यूएम, हरियाणा द्वारा इच्छित अनुसार) (जीएसटी के बिना) | 24.09.2025 03.10.2025 | 219.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हांसी | हिसार जिले में किमी. 0.00 से 9.77 में रोड को चौड़ा करने/मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा एप रोड से ढाड से बाधावर से जींद बरवाला रोड तक रोड का सुधार (रोड आईडी 5112,11531 और 5113) (नाबार्ड स्कीम आरआईडीएफ-XXX के तहत) (जीएसटी के बिना) | 24.09.2025 08.10.2025 | 977.86 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1663259688 pwd-eepd-hansi@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प सोनीपत | सोनीपत जिले में राई निर्वाचन क्षेत्र में पालडी से रोहट तक आरडी 0 से 21200 तक रोड आईडी 12087 के सेंट्रल वर्ज की मरम्मत और आरओबी पर मेस्टिक, नए एनएच 334बी फ्लाईओवर से बहालगढ़ तक पुराना एनएन-334 बी पार्ट की फोर लेनिंग, का प्रावधान, चौड़ा करना और मजबूतीकरण (क्र.सं. 17 पर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत) (मॉडल रोड) | 20.09.2025 13.10.2025 | 1653.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302200575 pwd-eepd2-sonepat@hry.nic.in |
| 4 | कृषि एवं किसान कल्याण, रोहतक | गांव आसन, ब्लॉक व जिला रोहतक में सब-सर्फेस ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन मिट्टी का रिक्लेमेशन (एसएसडी ब्लॉक एएस-1 से एएस-07) | 20.09.2025 29.09.2025 | 370.80 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466723261 asco.rtk2015@gmail.com |
| 5 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव गुजरानी, ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 68.60 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 6 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव प्रेमनगर, ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 122.84 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 7 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव सिवाना, ब्लॉक बवानी खेड़ा जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 224.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 8 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव सिवारा, ब्लॉक बवानी खेड़ा जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 246.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 9 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव सुखपुरा/मुंढाल कला और मुंढाल खुर्द छोड़े गए क्षेत्र, ब्लॉक बवानी खेड़ा जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 06.10.2025 | 135.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 10 | कृषि एवं किसान कल्याण, भिवानी | गांव टिगरी/टिगराना ब्लॉक भिवानी जिला भिवानी में वर्टिकल ड्रेनेज टेक्नोलोजी के माध्यम से वाटर लॉग्ड और सलाइन क्षेत्र का रिक्लेमेशन | 25.09.2025 03.10.2025 | 63.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215910040 ascobhiwani@gmail.com |
| 11 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव ईशापुर खेड़ी ब्लॉक मुंडलाना जिला सोनीपत में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से वाटर लॉग्ड एरिया और सलाइन का रिक्लेमेशन | बंद होने की तिथि 01.10.2025 | 120.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 12 | कृषि एवं किसान कल्याण, सोनीपत | गांव बरोदा मोर ब्लॉक मुंडलाना जिला सोनीपत में वर्टिकल ड्रेनेज सिस्टम के माध्यम से वाटर लॉग्ड एरिया और सलाइन का रिक्लेमेशन | बंद होने की तिथि 01.10.2025 | 172.61 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466096204 ascosonipat2023@gmail.com |
| 13 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, टोहाना | आरडी 8500-10500 भाखरा मेन ब्रांच की रिमोडलिंग/रिलाइनिंग के लिए आकलन +32 कार्य | बंद होने की तिथि 30.09.2025 | 5934.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416532422 hid.eewstohana@yahoo.com |
| 14 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हरियाणा, रोहतक | विविध मदों की आपूर्ति | बंद होने की तिथि 03.10.2025 | 8.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 15 | अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग और अंत्योदय का सशक्तिकरण का सामाजिक न्याय, कल्याण, सशक्तिकरण (एसईडब्ल्यूए) विभाग रोहतक | मानसिक विकलांग बच्चों हेतु अर्पण संस्थान, रोहतक/मानसिक तौर पर चुनौतीपूर्ण व्यस्क व्यक्तियों के पुर्नवास हेतु श्रवण केंद्र, रोहतक के लिए मैस निविदा | 27.09.2025 06.10.2025 | ईएमडी 50000/- | www.shravanorg.com | 8307434351 dsworoh@hry.nic.in |
| 16 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में डीजल जनरेटर (डीजी) समेत विद्युत, अग्निशमन सेवाओं के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) के लिए ई-निविदा के संबंध में | 01.10.2025 16.10.2025 | ईएमडी 5.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416484103 director.kcghc-hry@gov.in |
| 17 | सिविल सर्जन, कैथल | एनसीडी गैर संचार योग्य रोगों कार्यक्रम के तहत औषधि और कंजुमेबल्स | 27.09.2025 04.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 7988672699 dhs.csktl@hry.nic.in |
| 18 | पंचायती राज, बाढ़ड़ा | गांव जीतपुरा ब्लॉक बाढ़ड़ा में स्टेडियम की चार दीवारी का निर्माण + 3 कार्य | 24.09.2025 30.09.2025 | 51.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812347814 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | सिरसा कस्बा :- सी/ब्लॉक, मुल्तानी कॉलोनी, पुराना हाउसिंग बोर्ड और इंद्रपुरी मौहल्ला में प्राइवेट सीवर क्लीनिंग जेटिंग कम सक्शन मशीन (2200 पीएसआई) द्वारा विभिन्न आकारों में मैनहॉल चैंबर्स और सीवर लाइन की गाद निकालना और उससे संबद्ध व अन्य सभी कार्य | 24.09.2025 30.09.2025 | 8.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 20 | महिला एवं बाल विकास, यमुनानगर | एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी आपूर्ति इत्यादि का परिवहन कार्य। | 25.09.2025 09.10.2025 | ईएमडी 50000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467470011 miksha12@gmail.com |
| 21 | सूचना प्रौद्योगिकी इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन विभाग हेतु सचिवालय, हरियाणा (सीआरआईडी) | न्यू हरियाणा सचिवालय, सेक्टर-17 चंडीगढ़ के लिए सेंट्रल पब्लिक सेक्टर यूनिट (पीएसयू एस) के माध्यम से सर्वर, स्टोरेज और आइटी संबंधित उपकरणों के अपग्रेडेशन के लिए अधिप्राप्ति | 19.09.2025 04.10.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2703479 addl-cito.crid@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/420/39100/I/88/6 दि. 26.09.25




# याद आएगा योद्धा » दुश्मनों के दांत खट्टे करने वाला मिग अब 'उड़ता' नहीं दिखेगा, चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से दी अंतिम विदाई

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ चंडीगढ़

दुश्मनों के दांत खट्टे कर देने वाला लड़ाकू विमान मिग-21 अब आसमान में उड़ता हुआ नहीं दिखेगा। मिग-21 की जगह अब तेजस लेगा। 62 साल तक देश सेवा के बाद वायुसेना ने चंडीगढ़ एयरफोर्स स्टेशन से मिग-21 को विदाई दी। 1963 में मिग-21 को रूस से लाया गया। आदमपुर एयरफोर्स स्टेशन और हिंडन बेस में बात नहीं बनी तो इसकी पहली स्क्वाड्रन चंडीगढ़ में तीन तंबुओं में शुरू की गई। इसी वजह से चंडीगढ़ 12 विंग एयरफोर्स स्टेशन से ही इसे अंतिम विदाई दी जा रही है। इस अवसर पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मिग-21 ने हमेशा बेहतर प्रदर्शन किया है। अपने समय की तकनीक के हिसाब से मिग सबसे बेस्ट था। मिग-21 को लंबे समय तक हमारी वायुसेना का भरोसा मिला। हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसकी लिगेसी को सेलिब्रेट करें। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ से मिग का सफर शुरू हुआ था। चंडीगढ़ उस गौरवशाली पल का गवाह है। मिग को बर्ड ऑफ ऑल सीजन कहा जाता है, क्योंकि इसने हर समय अपनी उपयोगिता सिद्ध की। रक्षा मंत्री ने कहा कि मिग 21 महज एक विमान नहीं है, यह भारत-रूस संबंधों का प्रमाण है।

### पैंथर्स फॉर्मेशन में भरी आखिरी उड़ान



स्क्वाड्रन नंबर 23 (पैंथर्स) के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन राजेंद्र नंदा के नेतृत्व में अन्य मिग-21 पैंथर्स फॉर्मेशन में आखिरी बार आसमान में गरजे। इसमें एयरफोर्स की सातवीं फाइटर जेट पायलट प्रिया शर्मा भी मौजूद रहीं।

### मिग-21 की कमी खलेगी

थल सेना अध्यक्ष उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि मिग-21 की विदाई को लेकर भावुक महसूस कर रहा हूं। यह बहुत ताकतवर था। पूर्व वायुसेना अध्यक्ष बीएस धनोआ ने कहा कि मिग 21 ने वायु सेना को बहुत मजबूत बनाए रखा। इसकी कमी खलेगी लेकिन समय के साथ-साथ नए जंगी जहाज भी ताकत बढ़ाएंगे। मिग की ताकत का लोहा दुश्मन भी मानता था और आज तक घबराता था।



### किताबों में सिमटी यादें

मिग-21 विमानों के स्विच ऑफ स्क्वाड्रन के कमांडिंग अफसर एयरफोर्स चीफ को फार्म-700 के रूप में एक बड़ी किताब सौंपी। इसमें विमान की उड़ान से पहले उनकी हर तरह की जांच संबंधी रिपोर्ट और उड़ान के बाद पायलटों की फीडबैक रिपोर्ट शामिल है। यानी मिग-21 की संचालन संबंधी यादें अब इसी किताब में सिमटकर रह जाएंगी।

### 'मेमोरी लेन' का अवलोकन

विमान की पहली स्क्वाड्रन चंडीगढ़ में गठित हुई थी, लिहाजा इसकी विदाई के बाद यहीं एक मेमोरी लेन भी बनाई गई थी, जिससे 1963 से लेकर 2025 तक मिग-21 के अदम्य साहस और शौर्य को प्रदर्शित किया। इसका अवलोकन करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।



### जासूसी से लेकर युद्ध में दिखाया जलवा



युद्ध के अलावा जासूसी में भी मिग-21 का खूब जलवा रहा। मिग-21 के साथ उन सभी हथियारों और उपकरणों को भी प्रदर्शित किया जिनका उसमें उपयोग किया जाता रहा था।

## खबर संक्षेप

### ब्रिटेन में काम पाने के लिए देना अब होगा डिजिटल पहचान पत्र

**लंदन।** ब्रिटेन में नागरिकों और स्थायी निवासियों को काम पाने के लिए अनिवार्य डिजिटल पहचान पत्र पेश करना होगा। ब्रिटिश सरकार ने यह घोषणा की। सरकार ने कहा कि इस योजना से लोगों के लिए अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में काम करना मुश्किल हो जाएगा, जिससे अवैध आव्रजन में कमी लाने में मदद मिलेगी।

### बिटकॉइन घोटालाः कुंद्रा पर आरोपपत्र दाखिल

**मुंबई।** ईडी ने बिटकॉइन 'घोटाले' में व्यवसायी राज कुंद्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। ईडी ने कहा कि वह इन लेन-देन में केवल 'मध्यस्थ' नहीं, बल्कि लाभ प्राप्त करने वाले मालिक थे। कुंद्रा के पास 285 बिटकॉइन हैं, जिनकी वर्तमान कीमत 150.47 करोड़ रुपये है। ये बिटकॉइन उन्हें क्रिप्टो घोटाले के मास्टरमाइंड रहे दिवंगत अमित भारद्वाज से मिले थे।

### दिल्ली में पानी के बकाया बिलों पर ब्याज माफ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बोर्ड बैठक में लिए गए कई अहम फैसलों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड पिछले कई वर्षों से भारी कर्ज में है। पानी के बिलों पर ब्याज दर को घटाया है। अब तक जल बोर्ड के बिलों पर 5 प्रतिशत प्रति बिल-साइकिल कंपाउंडिंग ब्याज लगता था।

### नाटो महासचिव ने बोला झूठ-भारत ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की रणनीति पर सवाल उठाए

# भारत ने कहा-यह तो पूरी तरह बेबुनियाद मोदी-पुतिन की ऐसी कोई बात नहीं हुई

*भारत ने मार्क रूटे की आलोचना करते हुए कहा कि नाटो जैसे महत्वपूर्ण संगठन के प्रमुख को सार्वजनिक बयानों में ज्यादा जिम्मेदारी और सटीकता दिखानी चाहिए*

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत ने शुक्रवार को नाटो के महासचिव मार्क रूटे के उन दावों को पूरी तरह से खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ के बाद भारत ने यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की रणनीति पर सवाल उठाए हैं। भारत के विदेश मंत्रालय ने रूटे के इस दावे को तथ्यात्मक रूप से गलत और पूरी तरह आधारहीन बताया है।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट कहा है कि रूस के साथ यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत की ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई और मार्क रूटे को भविष्य में ऐसी बयानबाजी को लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी। भारतीय विदेश मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि हमने नाटो महासचिव मार्क रूटे के बयान का संज्ञान लिया है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच फोन पर कथित बातचीत का जिक्र है। यह बयान तथ्यों से मेल नहीं खाता और पूरी तरह झूठा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कभी पुतिन से इस तरह बात नहीं की। ऐसी कोई बातचीत नहीं हुई। भारत ने मार्क रूटे की आलोचना करते हुए कहा कि नाटो जैसे महत्वपूर्ण संगठन के प्रमुख को सार्वजनिक बयानों में ज्यादा जिम्मेदारी और सटीकता दिखानी चाहिए।



» ***उम्मीद करते हैं कि नाटो लीडरशिप के बयान ज्यादा सावधानी से दिए जाएं***

» ***भारत की प्राथमिकता राष्ट्र हित और आर्थिक सुरक्षा***

140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी पहली प्राथमिकता अब 'ट्रंप ऐसी ट्रिक' भी अपना रहे


फाइल फोटो

### भारत ने हमेशा यूक्रेन मुद्दे पर शांति की बात की

*नई दिल्ली ने अमेरिकी टैरिफ को अन्यायपूर्ण बताया था। भारत ने हमेशा यूक्रेन मुद्दे पर शांति की बात की है। पीएम मोदी ने हाल ही में पुतिन से फोन पर बात की थी और अपने जन्मदिन पर शुभकामनाओं के लिए उनका आभार जताया था। इस बातचीत में भी पीएम मोदी ने यूक्रेन युद्ध में शांति का समर्थन किया था। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर भारत ने एक बार फिर दोहराया कि 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना उसकी पहली प्राथमिकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत अपने राष्ट्रीय हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करता रहेगा।*

### जो बातचीत हुई ही नहीं, ऐसा तथ्य स्वीकार नहीं

विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि नाटो लीडरशिप के बयान ज्यादा सावधानी से दिए जाएं। प्रधानमंत्री की मुलाकातों को गलत तरीके से पेश करना या ऐसी बातचीत का जिक्र जो कभी हुई ही नहीं, यह स्वीकार्य नहीं है। गौर हो कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पिछले महीने भारत पर 25 प्रतिशत रेसिप्रोकल टैरिफ और रूसी तेल खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया था। अमेरिका का कहना है कि भारत का रूसी तेल खरीदना यूक्रेन युद्ध को अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन देता है।

### रूटे बोले थे-नई दिल्ली और मॉस्को फोन पर संपर्क में

रूटे ने गुरुवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र से इतर एक इंटरव्यू में यह दावा किया था। रूटे ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के भारत पर लगाए टैरिफ का रूस पर बड़ा असर पड़ रहा है।

### भारत-यूएस में जल्द होगी डील

## लाभकारी समझौते को जल्द ही देंगे अंतिम रूप, दोनों वार्ता जारी रखेंगे



हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई है। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने के लिए वार्ता जारी रखने का फैसला किया। वाणिज्य मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के नेतृत्व में अमेरिका गया भारतीय प्रतिनिधिमंडल तीन दिनों के दौरे के बाद 24 सितंबर को स्वदेश लौट आया।

### निवेश बढ़ाने पर की चर्चा

बयान के मुताबिक, अपनी यात्रा में गोयल ने अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीयर और भारत के लिए अमेरिका के नामित राजदूत सर्जियो गोर से भी मुलाकात की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका के प्रमुख उद्योगपतियों एवं निवेशकों से भी दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के मुद्दे पर चर्चा की।

## मणिपुर, नगालैंड, अरुणाचल में अफस्पा की अवधि बढ़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मणिपुर में कानून-व्यवस्था की मौजूदा स्थिति को देखते हुए 13 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को छोड़कर राज्य के बाकी हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (अफस्पा) की अवधि शुक्रवार को छह महीने के लिए बढ़ा दी गई। एक सरकारी अधिसूचना से यह जानकारी मिली है। अफस्पा के तहत किसी विशेष राज्य या उसके कुछ क्षेत्रों को अशांत घोषित किया जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक, नगालैंड के नौ जिलों और राज्य के पांच अन्य जिलों के 21 पुलिस थाना क्षेत्रों में भी अफस्पा की अवधि छह महीने के लिए बढ़ा दी है। यह कानून अरुणाचल के तिरप, चांगलांग और लोंगडिंग जिलों के अलावा असम से सटे राज्य के नामसाई में भी लागू कर दिया गया है।

### ट्रंप के सहयोगी हंगरी के पीएम बोले

## रूसी तेल का इस्तेमाल बंद करने से हमारी अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी

एजेंसी ⏭ बुडापेस्ट



हंगरी के पीएम विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा।

ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए 'विनाशकारी' होगा। फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने कहा कि मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा है कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी।

### पाक की किरकिरीः शहबाज-मुनीर से मुलाकात से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे ट्रंप

# 30 मिनट इंतजार कराया, फोटो-वीडियो तक जारी नहीं किया

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने गुरुवार देर रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात की। बैठक से पहले ट्रंप ने शहबाज को करीब 30 मिनट तक इंतजार कराया। इस दौरान ट्रंप प्रेस कॉन्फ्रेंस करते रहे। दरअसल पाक पीएम रात करीब 2 बजे व्हाइट हाउस पहुंचे थे। उस वक्त ट्रंप कार्यकारी आदेशों पर साइन कर रहे थे और पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान शहबाज व्हाइट हाउस में ही ट्रंप का इंतजार करते रहे। बाद में दोनों के बीच करीब 1 घंटा 20 मिनट तक बैठक चली। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई। इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया। व्हाइट हाउस की तरफ से ट्रंप और शरीफ-मुनीर की बातचीत को लेकर कोई तस्वीर या वीडियो अब तक जारी नहीं की गई है। अमूमन अमेरिकी राष्ट्रपति जब किसी विदेशी नेता से मिलते हैं, तो व्हाइट हाउस आधिकारिक तस्वीरें जारी करता है।

***मुलाकात व्हाइट हाउस में बंद कमरे में हुई***

***इस मीटिंग से मीडिया को दूर रखा गया***



### अमेरिका ने कराया सीजफायर

पाकिस्तान ने स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के साथ युद्धविराम कराने में अमेरिका ने मदद की थी। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ और फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर ने डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत में यह बात सामने आई। पाकिस्तान ने ट्रंप के नेतृत्व की सराहना की और उन्हें पाकिस्तान आने का निमंत्रण दिया। पाकिस्तान के पीएम कार्यालय के मुताबिक, इस बैठक में अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वैंस और विदेश मंत्री मार्को रूबियो शामिल थे।

### हम लेट हो गए

ट्रंप ने पाकिस्तान के पीएम शरीफ और फील्ड मार्शल से मुलाकात से पहले ओवल ऑफिस में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, वो आ रहे हैं, और हो सकता है कि वो अभी इसी कमरे में हों। मुझे नहीं पता, क्योंकि हम लेट हो गए हैं।

### ट्रंप शांति पुरुष

पाक पीएम कार्यालय के एक बयान के अनुसार, छह साल में व्हाइट हाउस का दौरा करने वाले पहले पाकिस्तानी पीएम शहबाज ने ट्रंप को दुनिया भर में संघर्षों को समाप्त करने के उनके ईमानदार प्रयासों के लिए 'शांति पुरुष' बताया और पाकिस्तान और भारत के बीच संघर्ष विराम कराने में उनके साहसी और निर्णायक नेतृत्व की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### जीके एनर्जी 12 फीसदी बढ़त के साथ सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा से चलने वाले कृषि जल पंप प्रणाली प्रदाता जीके एनर्जी का शेयर अपने निर्गम मूल्य 153 रुपये से करीब 12 प्रतिशत की बढ़त के साथ सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर निर्गम मूल्य से 7.84 प्रतिशत की बढ़त के साथ 165 रुपये सूचीबद्ध हुआ। एनएसई पर इसने 11.76 प्रतिशत चढ़कर 171 रुपये पर शुरुआत की। कंपनी का बाजार मूल्यांकन

### सात्विक ग्रीन एनर्जी की बाजार में धीमी शुरुआत

**नई दिल्ली।** सौर पैनल विनिर्माता कंपनी सात्विक ग्रीन एनर्जी के शेयर की शुक्रवार को बाजार में धीमी शुरुआत हुई। बीएसई पर शेयर 465 रुपये के निर्गम मूल्य से 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 460 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। फिसलकर 446.70 रुपये पर आ गया। एनएसई पर इसने 465 रुपये के निर्गम मूल्य के बराबर शुरुआत की।

### विदेशी मुद्रा भंडार में 39.6 करोड़ डॉलर की गिरावट



**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 सितंबर को समाप्त सप्ताह में 39.6 करोड़ डॉलर घटकर 702.57 अरब डॉलर रहा। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.69 अरब डॉलर बढ़कर 702.97 अरब डॉलर हो गया था। देश का स्वर्ण भंडार 36 करोड़ डॉलर बढ़कर 92.77 अरब डॉलर हो गया।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ट्रंप ने अगले महीने से ब्रांडेड दवाओं पर 100 फीसदी टैरिफ लगाया

# दवाओं पर अमेरिकी शुल्क लगने से शेयर बाजार सहमा; सेंसेक्स 733 अंक फिसला

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगले महीने से दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा के बाद शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजारों में फार्मा एवं आईटी शेयरों में भारी बिकवाली के चलते बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स में 733 अंक और निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 733.22 अंक टूटकर तीन सप्ताह के निचले स्तर 80,426.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 827.27 अंक गिरकर 80,332.41 पर आ गया था। निफ्टी भी 236.15 अंक की गिरावट के साथ तीन सप्ताह के निचले स्तर 24,654.70 अंक पर आ गया।

### सप्ताह में सेंसेक्स 3 फीसदी से अधिक टूटा

घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट का यह लगातार छठा कारोबारी सत्र रहा। इस दौरान सेंसेक्स में कुल 2,587.50 अंक यानी 3.16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है जबकि निफ्टी 768.9 अंक यानी तीन प्रतिशत कमजोर हो चुका है।

### अमेरिका में दवा निर्माण संयंत्र होना जरूरी

*ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर अपनी एक पोस्ट में लिखा, /"एक अक्टूबर, 2025 से हम किसी भी ब्रांडेड या पेटेंट-युक्त दवा उत्पाद पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे, जब तक कि कोई कंपनी अमेरिका में अपना दवा विनिर्माण संयंत्र स्थापित न कर रही हो।/" उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि दवा विनिर्माण का मतलब 'विनिर्माण कार्य शुरू होने या/और निर्माणाधीन' होने से होगा। इस तरह अगर अमेरिका में दवा विनिर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है तो उसके दवा उत्पादों पर कोई शुल्क नहीं लगेगा।*

### इन शेयरों में रही गिरावट



सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इटर्नल, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, एशियन पेंट्स, सन फार्मा, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स, आईटीसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में तेजी का रुझान देखा गया।

### हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 फीसदी गिरा

दवाओं पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद अधिकांश दवा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई और बीएसई हेल्थकेयर सूचकांक 2.14 प्रतिशत गिर गया। वॉकहार्ट के शेयरों में 9.4 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। लॉरस लैब्स, बायोकॉन, जाइडस लाइफ, ग्लेनमार्क, सन फार्मा और डॉ रेड्डीज के शेयरों में भी गिरावट आई।

### 3100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद

*व्यापक बिकवाली के दबाव में सभी क्षेत्रवार सूचकांक गिरकर बंद हुए। दूरसंचार क्षेत्र में सर्वाधिक 2.69 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि केंद्रित आईटी खंड में 2.43 प्रतिशत, आईटी खंड में 2.41 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 2.34 प्रतिशत की सुस्ती रही। बीएसई पर सूचीबद्ध 3,100 कंपनियों के शेयर गिरकर बंद हुए जबकि 1,041 शेयरों में तेजी रही और 139 अन्य अपरिवर्तित रहे।*

- बाजार में फार्मा और आईटी शेयरों में रही भारी बिकवाली
- सेंसेक्स के अलावा निफ्टी में 236 अंक का नुकसान रहा

### निवेशकों की धारणा को कमजोर किया

ऑनलाइन कारोबार एवं संपत्ति प्रौद्योगिकी फर्म एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पोनमुडी आर. ने कहा, /"ब्रांडेड और पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजारों में व्यापक बिकवाली के कारण भारी गिरावट रही। इस अप्रत्याशित कदम ने पहले से ही कमजोर निवेशकों की धारणा को और खराब करने का काम किया।

### वॉकहार्ट सबसे अधिक टूटा

बीएसई पर वॉकहार्ट लि. के शेयर 9.40 प्रतिशत टूटे। इसके अलावा, इंडोको रेमेडीज के शेयर 5.35 प्रतिशत, जाइडस लाइफसाइंसेज के 4.21 प्रतिशत, ग्लेनमार्क फार्मा के 2.99 प्रतिशत, नैटको फार्मा के 2.65 प्रतिशत, सन फार्मा के 2.55 प्रतिशत, ल्यूपिन के 2.07 प्रतिशत, डॉ. रेड्डीज के 1.73 प्रतिशत और ऑरोबिंदो फार्मा के शेयर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

# रूस से तेल खरीदने पर कोई प्रतिबंध नहीं : हरदीप पुरी

एजेंसी ▶▶| मुंबई





- आपूर्ति बाधित होने पर गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे
- विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है रूस

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को कहा कि रूस से कच्चे तेल की खरीद पर कोई प्रतिबंध नहीं है और आपूर्ति बाधित होने पर दुनिया को गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं।

ईरान और वेनेजुएला का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के एक जिम्मेदार सदस्य के रूप में हमेशा पाबंदियों का अनुपालन किया है। अमेरिका के भारत पर 25 प्रतिशत शुल्क के अलावा रूस से कच्चा तेल एवं हथियार खरीदने पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाने के संदर्भ में मंत्री ने यह बा कही। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार नीतियों पर जारी महत्वपूर्ण वार्ता के बीच संवाददाताओं से बातचीत में पुरी ने कहा कि रूस हर दिन करीब एक करोड़ बैरल के साथ विश्व स्तर पर कच्चे तेल का दूसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

### दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही

पुरी ने कहा, " ऊर्जा एक ऐसी चीज है जिसके बिना आप नहीं रह सकते...। अगर आप दूसरे सबसे बड़े उत्पादक को हटा देंगे तो आपको खपत में कटौती करनी होगी। इसके परिणाम बेहद गंभीर होंगे।" राजनयिक से राजनेता बने पुरी ने कहा कि यही कारण है कि दुनिया रूसी तेल पर प्रतिबंध नहीं लगा रही है।

# जीएसटी कटौती से महंगाई कम करने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- वित्त मंत्रालय ने जारी रिपोर्ट में कहा, सुधार अगले साल देखने मिलेगा
- समय लापरवाह होने का नहीं अब भी चुनौतियां और जोखिम कायम

हाल में जीएसटी दरों में की गयी कटौती से अगले साल तक मुद्रास्फीति को कम करने में मदद मिलेगी और देश की आर्थिक वृद्धि संभावनाओं को भी बल मिलेगा। वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में हालांकि यह भी चेतावनी दी गई है कि यह समय लापरवाह होने का नहीं है, क्योंकि अनिश्चितताएं और जोखिम अब भी बने हुए हैं। भले ही वर्तमान में ये जोखिम प्रबंधनीय लगते हैं, लेकिन वे मौजूद हैं।वित्त मंत्रालय ने अपनी मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा कि अगर शुल्क को लेकर अनिश्चितताएं बनी रहीं, तो इसका असर देश के निर्यात क्षेत्रों पर पड़ेगा। इससे घरेलू स्तर पर रोजगार, आय और खपत पर भी नकारात्मक असर हो सकता है। मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका द्वारा नए एच1बी वीजा आवेदकों पर शुल्क बढ़ाने का निर्णय व्यापारिक अनिश्चितताओं के जोखिमों की याद दिलाता है, जिससे अब तक अप्रभावित सेवाक्षेत्र भी प्रभावित हो रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि केंद्र सरकार के सुधार एजेंडे से व्यापार व्यवधानों के प्रतिकूल प्रभावों से अर्थव्यवस्था को बचाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

### वैश्विक बाजार में अस्थिरता

मंत्रालय ने कहा, /"अतः निकट भविष्य में स्थिर, सुधार-संचालित वृद्धि की संभावना है, जो व्यापक आर्थिक अनुशासन और अनुकूल आर्थिक कूटनीति पर आधारित है तथा इसमें बाहरी झटकों और वैश्विक बाजार में अस्थिरता के प्रति निरंतर सतर्कता की आवश्यकता है।/"

# चांदी में 1,900 और सोने में 330 रुपये की तेजी



- चांदी बढ़कर 1.41 लाख रुपए प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर

**नई दिल्ली।** त्योहारों के दौरान स्टॉकिस्टों की भारी मांग के बीच शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,900 रुपये बढ़कर 1,41,900 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं, जबकि सोने में 330 रुपये की तेजी आई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमतों में तेजी आई और इसकी कीमत 330 रुपये बढ़कर 1,17,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बृहस्पतिवार को यह 1,17,370 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। स्थानीय सराफा बाजार में 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 400 रुपये बढ़कर 1,17,100 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया, जो पिछले सत्र में 1,16,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। एसोसिएशन के अनुसार, मजबूत त्योहारी मांग और हाजिर बाजार में निवेशकों की मजबूत रुचि के कारण, बृहस्पतिवार को 1,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई चांदी ने अपना रिकॉर्ड बनाने का सिलसिला जारी रखा।

# पी.सी. कोस्मा सोप लिमिटेड की 38 वीं वार्षिक शेयर धारकों की आमसभा का आयोजन





एजेंसी ▶▶| आगरा

- आमसभा में अंशधारकों द्वारा इस लाभांश को स्वीकृत किया

पी. सी. कोस्मा सोप लिमिटेड की 38 वीं वार्षिक शेयर धारकों की आमसभा का आयोजन 26 सितम्बर 2025 दिन शुक्रवार को होटल पी.एल. पैलेस, संजय प्लेस, आगरा में किया गया। कंपनी के चैयरमैन श्री मंयक जैन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कम्पनी के प्रोडक्ट की बिकी 14059 लाख रूपये हुई है जो गत वर्ष 2023-24 में 13364 लाख थी व कम्पनी का प्रोफिट 960.93 लाख हो गया । कम्पनी ने वर्ष 2024-25 में अपने शेयर धारकों को 30 फीसदी लाभांश देने का प्रावधान किया। आमसभा में अंशधारकों द्वारा इस लाभांश को स्वीकृत किया गया। कम्पनी के शानदार प्रदर्शन के लिए निदेशक मंडल द्वारा शेयरधारकों, कर्मचारियों और व्यापारियों का आभार प्रकट किया है ।

### डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे बढ़कर 88.72 पर

मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अपने अबतक के सबसे निचले स्तर से उबरता हुआ डॉलर के मुकाबले चार पैसे की बढ़त के साथ 88.72 (अस्थायी) पर बंद हुआ। प्रमुख विदेशी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने के कारण रुपये में यह सुधार आया।

**Public Notice**

I, Asha Rani, W/o Bijender, R/o House No. 1172/21, 6R, Prem Nagar, Rohtak, Haryana - 124001, hereby declare that I had purchased a plot measuring 0 Bighas - 3 Biswas (approximately 150 square yards), being Plot No. 67, Garden Estate, situated at Village Dappar, Tehsil Dera Bassi, District SAS Nagar, Punjab, from Ekta Rana, W/o Hari Krishan, R/o House No. G-101, Karampura, Ramesh Nagar, West Delhi - 110015.
All original documents related to the said plot were handed over to me at the time of registry. However, the original previous sale deed No. 2018/19/14/1/548 Volume No. 2143 Dated 06.09.2018 In the name of Ekta Rana has been misplaced/lost.
This notice is being issued to inform the general public.

**बेदखली सूचना**

मैं देवेन्द्र पुत्र रविचन्द्र निवासी गांव पेटवाड़, तहसील नारनौंद, जिला हिसार ब्यान करता हूं कि मेरा बड़ा लड़का सत्यप्रकाश व उसकी पत्नी पिंकी व उनके बच्चे मेरे कहने सुनने से बाहर है इसलिए मैं इन सब को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इन सबसे लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

शपथकर्ता

**COURT NOTICE**

IN THE COURT OF Sh. Amit Sheoran Additional Civil Judge (Senior Division), Maham
Next Date, Purpose of case, Orders and Judgments as well as other case information is available on http://ecourts.gov.in
PUBLICATION NOTICE IN PETITION UNDER THE GUARDIAN AND WARDS ACT
Bitto S/o Jaipal Through Her Mother Anjali Wd/o Jaipal Vs. General Public
Suit u/s 8 of guardian and wards act 1890 for getting permission of selling property of minor Bittu s/o Jaipal for welfare.
CNR No. HRRHA0-000166-2022
Next Date:-23-10-2025
NOTICE TO: General Public
Whereas the petitioner Bitto S/o Jaipal Through Her Mother Anjali Wd/o Jaipal has filed the above petition for appointment of the legal guardian of minor child. This notice is hereby issued to the respondent(s) regarding the institution of this petition. If any person has any objection to the grant of permission to the petitioner for appointment as the legal guardian of the said child, then he/she should appear in the court on 23-10-2025 at 10.00 a.m, either in person or through an authorised agent or lawyer for filing objections failing which the petition shall be decided in accordance with law.
Given under my hand and the seal of the Court, this 11-09-2025.
Sd/- Addl. Civil Judge (Sr. Div.) Meham

**संत शिरोमणि श्री धाना भगत जी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, जींद**
ईमेल : director-gmcjnd.dmer@hry.gov.in

**शुद्धिपत्र**

**विज्ञापन सं. जीएमसी-जींद/2025/विज्ञा.-01 के संबंध में**
एतद द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं. जीएमसी-जींद/2025/विज्ञा.-01 के तहत आवेदन जमा करवाने के लिए अंतिम तिथि 11.10.2025 (अप. 5 बजे) तक बढ़ा दी गई है।
कृपया वेबसाइट्स : https://dmer.haryana.gov.in और https://bpsgmckhanpur.ac.in देखें
हस्ता/- निदेशक
एसएसएसडीबीजे जीएमसी, जींद
पीआरडीएच-1058/11/1179/2026/39104/88/6 दि. 26.09.25

# डिजिटल धोखाधड़ी रोकने 1 अप्रैल से लागू होंगे नियम





- इससे ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और भी सुरक्षित बनेंगे

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने डिजिटल पेमेंट्स के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। ये अगले साल 1 अप्रैल से लागू होंगे। अब एसएमएस ओटीपी के अलावा पासवर्ड फिंगरप्रिंट और बायोमेट्रिक्स जैसे कई नए तरीकों से लेन-देन की पहचान (टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन) हो सकेगी। इससे ऑनलाइन ट्रांजैक्शन और भी सुरक्षित और सुविधाजनक बनेंगे। इन नए नियमों का मकसद धोखाधड़ी कम करना और ग्राहकों को ज्यादा सुरक्षा देना है। आरबीआई ने ऐलान किया कि डिजिटल पेमेंट के नए नियम, अगले साल 1 अप्रैल से लागू होंगे। नए नियम एसएमएस आधारित वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) के अलावा टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन (2एफए) के और भी तरीकों को मंजूरी देते हैं। आरबीआई ने कहा कि यदि इन निर्देशों का पालन किए बिना किए गए लेनदेन से कोई नुकसान होता है।

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | TENDERNOTICENO.40/ CCR/2025-26 | एचएसआईआईडीसी, मुरथल, सोनीपत में शिकायत केन्द्र में छत बदलना, कम्पाउंड फेंसिंग और अन्य सम्बद्ध सिविल कार्य। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया, बंद होना : 08.10.2025, खुलना : 09.10.2025 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 enciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 2 | यूएचबीवीएन | TENDERNOTICENO. 43/CCR/2025-26 | एसई ओपी वृत्त, यूएचबीवीएन, रोहतक के कार्यालय में वुडन वॉल माउंटेड अलमारी का प्रावधान व फिक्सिंग। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया, बंद होना : 08.10.2025, खुलना : 09.10.2025 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 3 | यूएचबीवीएन | TENDERNOTICENO. 48/CCR/2025-26 | ओपी एस/डिवी. भटगांव, सोनीपत में उपभोक्ता शैड का निर्माण। समय निम्नानुसार बढ़ाया गया, बंद होना : 08.10.2025, खुलना : 09.10.2025 अप. 1.00 बजे तक। | https://etenders.hry.nic.in | 9991480086 xenciviluhbvnrohtak@gmail.com |
| 4 | यूएचबीवीएन | 43/2025-26/HEWP | 33 केवी सब स्टेशन बलबेहरा में गैर आवासीय भवन का वार्षिक रखरखाव, बंद होने की तिथि : 08.10.2025, खुलने की तिथि : 09.10.2025. | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |
| 5 | यूएचबीवीएन | 46/2025-26/HEWP | राजीव गांधी विद्युत सदन सेक्टर-12, करनाल में क्रेशे का प्रावधान, बंद होने की तिथि 08.10.2025, खुलने की तिथि 09.10.2025. | https://etenders.hry.nic.in | 9356063248 xenciviluhbvnpanchkula@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/100/39101/I/88/6 दि. 26.09.25

## राशिफल

**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

## शब्द पहेली - 6001



**बाएँ से दाएँ**
1.फिल्म 'बॉबी' के निर्माता-निर्देशक -2,3
4.आश्चर्य, विलक्षणता-4
7.जीत, फतेह-2
8.आकाश रेखा, छोर-3
9.तल, पैंदा-2
10.थाती, धरोहर-4
11.मोटा आटा-2
13.सलाह, मशवरा-4
14.अन्य, वो, तिन-2
16.घर,गृह-3
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.नाम रखना-2,3
21.परामर्शदाता-5
24.सुनसान, नीरव-3
26.वन, जंगल-3
28.मिट्टी, रेत-2
29.चेतनाहीन-4
30.पराग कण-2
32.भयभीत होना-4
33.छोटी सवारी गाड़ी-2
35.फूलों का हार जो बालों में लगाते हैं,वेणी-3
36.द्वार,किवाड़-2
37.जनता की राय-4
38.नाटक लिखने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.मत, सलाह-2
2.करतब-4
3.वह जंगल जो संरक्षित हो-3,2
4.अनश्वर, चिरयुवा-3
5.लीन, मग्न-2
6.जलाऊ लकड़ी-4
7.रनिवास 3,2
10.मूर्ख (उर्दू-4)
12.बांया-2
15.आनंदित होना-4
17.शत्रुघ्न सिन्हा व रीना राय की फिल्म-3
18.योद्धा-4
20.अमिताभ के तिहरे रोल वाली फिल्म-3
22.मुआवजा-4
23.चित्रपट, फिल्मी दुनिया-3,2
25.राज वंश-2,3
26.काम, कार्य-4
27.मादा का विलोम-2
29.उपद्रव फैलाने वाला-4
31.दुनिया, जहान-3
34.क्रिकेट में बनते हैं-2
36.पंख, पराया-2

**शब्द पहेली- 6000 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | य | ज | क | ता | | | म | वा | ली | |
| स | म | | ल | | चा | ला | न | | ख | त |
| मा | | | प | ना | ह | | न | | | म |
| न | ज | रा | ना | | | म | | क | या | स |
| ता | | व | | ना | ला | य | क | | प | |
| | प्रा | ण | | म | | खा | | जा | न | |
| | रु | | आ | ज | मा | ना | | हि | | म |
| स | प | ना | | द | | | ब | ल | वा | न |
| र | | | स | | ल | की | र | | | भा |
| ल | व | | न | सी | ब | | सा | | दा | व |
| | ध | म | की | | | इ | त | मी | ना | न |



## कोलकाता में दुर्गा पूजा पंडाल के उद्घाटन में बोले केंद्रीय गृहमंत्री शाह

# यह पर्व बंगाल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाए 2026 चुनाव के बाद 'सोनार बांग्ला' बनेगा

### राज्य के विकास के जरिए प्रधानमंत्री का 'विकसित भारत' सपना साकार होगा



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कोलकाता के मशहूर संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने बंगाल और देशवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दीं और कहा कि नौ दिनों तक चलने वाला शक्ति की उपासना का यह पर्व आज पूरी दुनिया में लोकप्रिय हो गया है। साथ ही उन्होंने इस दौरान मां दुर्गा से प्रार्थना की कि 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में ऐसी सरकार बने, जो राज्य को फिर से 'सोनार बांग्ला' (स्वर्णिम बंगाल) बना सके। गृह मंत्री ने कहा कि नवरात्रि और दुर्गा पूजा अब सिर्फ बंगाल और भारत तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसे पूरी दुनिया में सराहा जा रहा है।

### बारिश से हुई मौतों पर जताया दुख

इस दौरान शाह ने दुर्गा पूजा की शुरुआत में हुई भारी बारिश और हादसों पर भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि त्योहार की शुरुआत एक दुखद घटना से हुई, जहां 10 से ज्यादा लोगों की जान चली गई। मैं उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। गौरतलब है कि 23 सितंबर को कोलकाता और आसपास के इलाकों में मूसलधार बारिश से कम से कम 11 लोगों की मौत हुई थी।



### विद्यासागर को श्रद्धांजलि

इसके सात ही इस मौके पर शाह ने महान समाज सुधारक और शिक्षाविद ईश्वरचंद्र विद्यासागर को उनकी जयंती पर याद किया। उन्होंने कहा कि विद्यासागर जी ने बंगाल ही नहीं, पूरे भारत में शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया, खासकर महिलाओं की शिक्षा के लिए। उन्होंने अपना जीवन बंगाली भाषा और संस्कृति के लिए समर्पित किया। इसके साथ ही अमित शाह ने सॉल्ट लेक स्थित ईस्टर्न जोनल कल्चरल सेंटर (ईजेडसीसी) में भाजपा समर्थित पश्चिम बंगा संस्कृति मंच के दुर्गा पूजा पंडाल का भी उद्घाटन किया।

### विशेष रणनीति के साथ बिहार पहुंचे शाह | विधानसभा की 68 सीटों पर भाजपा की नजर

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान भले ही अभी न हुआ हो, लेकिन पूरे राज्य में चुनावी माहौल साफ दिखाई देने लगा है। बड़े-बड़े नेताओं की रैलियां और दौरे शुरू हो गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री और बीजेपी के कद्दावर नेता अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे हैं। उनका यह दौरा काफी अहम है।

#### जीत के करीब पहुंच कर हार

- *68 सीटों पर बीजेपी दूसरे स्थान पर रही*
- *पार्टी 5 सीटों पर 500 वोट से भी कम अंतर से हारी*



#### इसलिए यह दौरा अहम

शाह का दौरा अहम है वे कार्यकर्ताओं को जोश भरेंगे। अगले चुनाव में जीत उन्हीं सीटों से तय होगी, जहां पिछली बार हार बहुत मामूली अंतर से हुई थी।

## पीएम ने बिहार में लॉन्च की मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना

# महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार कई सारी योजनाओं को चलाती है और समय-समय पर कई लाभकारी और कल्याणकारी योजनाओं को लॉन्च भी करती है। शुक्रवारन को पीएम नरेंद्र मोदी ने वीडियो कंफ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना को लॉन्च किया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने महिला रोजगार योजना को लॉन्च करने के साथ ही महिलाओं के बैंक खाते में 10-10 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित की है। बताया जा रहा है कि 75 लाख महिलाओं के खाते में राशि भेजी गई है। पैसे को डीबीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना लॉन्च किया है।

### इन्हें मिलेगा लाभ

इस योजना का लाभ बिहार की महिलाओं को मिलेगा। ऐसे में अगर आप भी इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, तो आप यहां इस योजना के बारे में विस्तार से जान सकते हैं।

### आवेदन के लिए चाहिए ये दस्तावेज

आधार कार्ड
बैंक पासबुक
पैन कार्ड
पासपोर्ट साइज फोटो आदि

### व्यवसाय की 6 माह बाद समीक्षा, फिर 2 लाख लोन

अगर आप बतौर महिला खुद का रोजगार शुरू करना चाहती हैं, तो इस योजना को तहत 10 हजार की आर्थिक मदद दी जाएगी। शुरू किए गए व्यवसाय की 6 महीने बाद समीक्षा होगी। इसके बाद 2 लाख का अतिरिक्त लोन भी दिया जाएगा। अगर आप भी बतौर महिला इस महिला रोजगार योजना से जुड़ना चाहती हैं, तो आपको ग्राम संगठन या जीविका समूह से संपर्क करना होगा।

## केंद्र ने बाढ़ प्रभावित तीन राज्यों को 540 करोड़ रुपये दिए

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को तीन बाढ़ प्रभावित राज्यों - हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के 27 लाख किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत 540 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की। पीएम-किसान योजना एक केंद्रीय योजना है, जिसे प्रधानमंत्री ने फरवरी 2019 में भूमिधारक किसानों की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए शुरू किया था। इस योजना के तहत, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से किसानों के आधार से जुड़े बैंक खातों में तीन समान किस्तों में हर साल 6,000 रुपये दिए जाते हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, "केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 21वीं किस्त जारी करने की घोषणा की।" यह किस्त विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश, पंजाब और उत्तराखंड के किसानों के लिए प्राथमिकता पर जारी की गई, जो हाल में आई बाढ़ और भूस्खलन से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

## प्रियंका ने बिहार की महिलाओं से किए ये 3 वादे

# जरूरतमंद महिलाओं को हर माह देंगे 2500 , हम आपकी 'शक्ति' को पहचान रहे

एजेंसी ▶▶ पटना



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने पटना के सदाकत आश्रम में 'महिला संवाद' में महिलाओं को संबोधित करते हुए कई वादे किए। प्रियंका ने आशा, आंगनवाड़ी, किसान, मजदूर और अन्य व्यवसायों से जुड़ी महिलाओं से बात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिलाया। प्रियंका ने कहा कि गठबंधन ने तय किया है कि जो जरूरतमंद महिलाएं हैं, उनको 2500 रुपए हर महीने मिलेगा। हमने तय किया है कि बिहार में भी स्वास्थ्य बीमा के 25 लाख रुपए देंगे। हम उसे लागू करेंगे। कोई भी स्वास्थ्य सुविधा चाहें वो सर्जरी, दवा या फिर कोई और वो आपको मुफ्त में मिलेगी।

## भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर'

# मैं उत्तराखंड के युवाओं के साथ खड़ा हूं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा के कथित पेपर लीक को लेकर आरोप लगाया कि भाजपा का दूसरा नाम 'पेपर चोर' है। वे इस लड़ाई में उत्तराखंड के युवाओं के साथ मजबूती से खड़े हैं। देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का उत्तराखंड एसएससी पेपर लीक इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हम लगातार मांग कर रहे हैं कि पेपर लीक रोकने के लिए मजबूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए।



## इससे डेटा सुरक्षा और यूजर्स की प्राइवेसी पर गंभीर

# 38 भारतीय बैंकों का डेटा लीक होने की आशंका, दावा लेन-देन के लाखों रिकॉर्ड ऑनलाइन 'उजागर'

**नई दिल्ली।** साइबर सुरक्षा रिसर्चर्स ने भारतीय बैंकों के करीब 3 लाख लेन-देनों से जुड़े पीडीएफ दस्तावेजों के इंटरनेट पर लीक होने का दावा किया है। उनका कहना है कि 38 बैंक इस लीक से प्रभावित हुए हैं। सबसे ज्यादा दस्तावेजों में ए फाइनेंस का नाम आया। भारतीय स्टेट बैंक का नाम भी कई दस्तावेजों में मौजूद था। इससे डेटा सुरक्षा और यूजर्स की प्राइवेसी पर सवाल पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह डेटा एक असुरक्षित अमेजन एस 3 क्लाउड सर्वर से लीक हुआ। लीक डेटा में खाताधारकों के नाम, बैंक अकाउंट नंबर, ट्रांजैक्शन राशि और संपर्क जानकारी जैसी संवेदनशील जानकारियां शामिल थीं। साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने यह दावा किया है। साइबर सुरक्षा कंपनी अपगॉर्ड ने अगस्त के अंत में इस डेटा लीक का पता लगाया। उनके रिसर्चर्स को अमेजन-होस्टेड स्टोरेज सर्वर पर लगभग 2 लाख 73 हजार पीडीएफ फाइलें मिलीं। रिसर्चर्स के अनुसार लीक डेटा में भारतीय ग्राहकों के बैंक ट्रांसफर रिकॉर्ड शामिल थे। इन फाइलों में से ज्यादातर नेशनल ऑटोमेटेड क्लियरिंग हाउस से जुड़ी थीं।

# पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने की थी टिप्पणी, बाबरी का निर्माण बुनियादी तौर पर अपवित्र था...फिर देनी पड़ी सफाई

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को बाबरी मस्जिद के अस्तित्व पर की गई एक टिप्पणी पर सफाई देनी पड़ी है। गुरुवार को जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि अयोध्या विवाद पर फैसला साक्ष्यों और कानूनी सिद्धातों पर आधारित है, आस्था के आधार पर नहीं। पूर्व सीजेआई ने डीवाई चंद्रचूड़ ने पहले एक इंटरव्यू में अयोध्या विवाद पर सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले को लेकर पूछे गए सवालों के दौरान कहा था कि बाबरी मस्जिद का 'निर्माण ही बुनियादी तौर पर अपवित्र कार्य था।' लेकिन, गुरुवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उनके शब्दों को अलग तरह से पेश किया जा रहा है।

# राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार प्रदान किए



भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की वरिष्ठ भूविज्ञानी तृप्ति को राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 दिया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को भूविज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय भूविज्ञान पुरस्कार 2024 प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में समारोह में राष्ट्रपति ने कहा कि खनिजों ने मानव सभ्यता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। धरती के गर्भ में विद्यमान खनिज पदार्थों ने मानव जीवन को आधार दिया है और हमारे व्यापार एवं उद्योग को आकार दिया है। पाषाण युग, कांस्य युग और लौह युग- मानव सभ्यता के विकास के प्रमुख चरणों के नाम खनिजों के नाम पर रखे गए हैं। लोहा और कोयला जैसे खनिज पदार्थों के बिना औद्योगीकरण अकल्पनीय होता।



## चिंतन

# टैरिफ के बादशाह के रूप में याद किए जाएंगे ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल इतिहास में अलग तरह से याद किया जाएगा, जिसमें दुनिया की उथल-पुथल होगी ही साथ में अमेरिका के विश्व बिरादरी से संबंधों को भी अलग तरह से परिभाषित किया जाएगा। ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के नाम पर जो विचित्र काम कर रहे हैं, उससे न केवल अमेरिका बल्कि पूरी दुनिया हैरान है। वो कभी चीन, कभी भारत तो कभी यूरोप पर लाल-पीले हो रहे हैं। रूस, ईरान और फिलीस्तीन तो युद्ध के चलते लगातार निशाने पर हैं ही। ट्रंप कुछ दिनों पहले तक यूक्रेनी राष्ट्रपति पर लाल-पीले हो रहे थे और रूसी राष्ट्रपति पुतिन को मित्र बता रहे थे, लेकिन जब यूक्रेन से खनिज दोहन पर समझौता हो गया तो वे फिर से पुतिन को कोसने लगे। अब बात भारत को ही लें। 50 फीसदी टैरिफ लगाने के बाद वे एक के बाद एक ऐसे काम कर रहे हैं, जो भारत के खिलाफ हैं। एक तरफ तो वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दोस्त बताते हैं वहीं दूसरी तरफ भारत पर दबाव बनाने-बनाते ब्लैकमेलिंग पर उतर आए हैं। पाकिस्तानी जनरल सैयद आसिम मुनीर अहमद शाह को लंच करवाने के बाद अब एक बार फिर ट्रंप ने पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और मुनीर के साथ बैठक की है। ट्रंप के साथ इस मुलाकात में विदेश मंत्री मार्को रुबियो मौजूद रहे। ओवल ऑफिस की यह मुलाकात बंद दरवाजों के भीतर हुई थी और इसमें प्रेस को जाने की मनाही थी। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाम 5 बजे से कुछ पहले व्हाइट हाउस में पहुंचे थे और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल 6:18 बजे बाहर गया। यह बैठक अमेरिका और पाकिस्तान के बीच जुलाई में हुए व्यापार सौदे के बाद हुई है। हालांकि बैठक को लेकर दोनों ओर से कुछ भी नहीं कहा गया है, लेकिन इशारा साफ है कि ट्रंप भारत पर दबाव बनाने के लिए पाक को तवज्जो दे रहा है। दुनिया के टैरिफ तानाशाह बने ट्रंप ने भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ का आर्थिक बम फोड़ा, दूसरी ओर लगातार वह झूठ बोलते रहे कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया है। जबकि युद्ध विराम में तीसरा पक्ष था ही नहीं। ट्रंप का पाक प्रेम आतंक के ढांचों को नई ताकत दे रहा है। एक बार फिर अमेरिका की 1970 के दौर की नीति पुनरावृत्ति हो रही है, जिसमें भारत को अलग-थलग करो, पाकिस्तान से दोस्ती गांठो और शांति बहाली का बहाना करो। लेकिन आज का भारत दब्बू देश नहीं, आत्मनिर्भर है। अब हम 3.9 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था है, दुनिया का सबसे विशाल लोकतंत्र है और साउथ की आधारशिला है। भारत के 1.4 ट्रिलियन डॉलर का बाजार और ग्लोबल साउथ का नेतृत्व अमेरिकी राष्ट्रपति के टैरिफ वार के निशाने पर है। हमारा 2047 में विकसित भारत का संकल्प स्वायत्तता मांगता है, अधीनता नहीं। यह तय है कि ट्रंप के टैरिफ विकासशील देशों को क्षेत्रीय गठबंधनों की ओर ले जाएंगे। भारतीय फार्मास्युटिकल्स और कपड़े एशिया व यूरोप का रुख कर रहे हैं। भारत के नेतृत्व में ब्रिक्स देश वर्चस्ववाद के खिलाफ खड़े हो रहे हैं, जो अमेरिका के लिए परेशानी का कारण बन सकते हैं। एच-1बी वीजा पर भारी टैक्स लगाने के बाद अब ट्रंप ने फार्मा उत्पादों के आयात पर लगाए गए 100 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया है। भारत अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली 45 प्रतिशत से अधिक जेनेरिक और 15 प्रतिशत बायोसिमिलर दवाओं की आपूर्ति करता है, लेकिन भारत पर इसका खास असर नहीं होने वाला है। इसका असर होगा तो अमेरिका को होगा जहां इलाज महंगा होने वाला है।



हिंसक प्रदर्शन
राजेश माहेश्वरी

# लद्दाख की शांति बिगाड़ने की कोशिश

केंद्र शासित क्षेत्र लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

लेह-लद्दाख जैसे शांत क्षेत्र में अचानक आगजनी, पत्थरबाजी, सरकारी वाहनों का दहन और उत्तेजित-भड़काऊ नारे। अचानक यह हिंसक माहौल देख-सुन कर देश चौकन्ना हो गया। लद्दाख 2250 मीटर से 7742 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ऐसा क्षेत्र है, जहां रूहानियत और सुकून बसते हैं। यह सीमावर्ती क्षेत्र भी है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के आसपास भारत और चीन के हजारों सशस्त्र सैनिक, कुछ समय पहले तक तैनात थे। अब सेनाएं काफी पीछे हट चुकी हैं, क्योंकि दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता के दौर जारी हैं। पहले तो युद्ध-सा माहौल था। लद्दाख में जिस तरह विरोध-प्रदर्शन किए गए, उन्हें देखकर चीन की निगाहें भी फैल गई होंगी! बेशक आमरण अनशन पर 15 दिन से बैठे सोनम वांगचुक ने विरोध-प्रदर्शन की तुलना अरब स्प्रिंग और नेपाल के 'जेन ज़ी' विद्रोह से की, लेकिन यह देश-विरोधी बयान है, क्योंकि युवा इससे और भी ज्यादा भड़क सकते हैं। सोनम ने अपना अनशन भी वापस ले लिया और शांति की अपील भी की। यह कैसा दोगलापन है।

लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र का दर्जा मोदी सरकार ने ही दिया था, अलबत्ता यह क्षेत्र दशकों से जम्मू-कश्मीर की छाया तले अपने स्वतंत्र अस्तित्व के विकास और विस्तार के लिए तरस रहा था। 2019 के बाद अब जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दोनों ही केंद्र शासित क्षेत्र हैं। आंदोलन हिंसक क्यों हुआ, जिसमें 4-5 मौतें हो गईं और 70 से अधिक लोग घायल हो गए? प्रशासन को कर्फ्यू लगाना पड़ा, इंटरनेट की सप्लाई रोकनी पड़ी और 4 या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर पाबंदी लगानी पड़ी। अर्थात लेह-लद्दाख में अब रैलियों, विरोध-प्रदर्शनों और जलसे-जुलूस पर फिलहाल पाबंदी है। पुलिस को आंसू गैस के गोले दागने पड़े, लाठियां भांजनी पड़ी और प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय भाजपा दफ्तर को फूंक दिया। भाजपा नेतृत्व ने इस हिंसक आयोजन के पीछे स्थानीय कांग्रेस पार्षद की साजिश का आरोप लगाया है। बेशक सोनम वांगचुक लद्दाख में एक विख्यात चेहरा हैं। वह अभियंता, नवाचारी और शिक्षा सुधारक हैं और जलवायु परिवर्तन पर भी उनके खास सरोकार हैं। असल में इन विरोध प्रदर्शनों ने वांगचुक को एक राजनीतिक कार्यकर्ता के रूप में उभारा है, और कई लोग इस अनशन को उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षा के प्रदर्शन के रूप में देखते हैं। हालांकि, राजनीति उनके लिए नई नहीं है। वांगचुक के पिता सोनम वांग्याल एक राजनेता थे और पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्री रह चुके थे। उनके भाई पी वांग्याल भी एक राजनेता हैं और लेह स्थित लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद के उपाध्यक्ष हैं। उपद्रव के बाद के हालातों को तेजी से समझते हुए उन्होंने अनशन भी तोड़ा और शांति की अपील भी की। लेकिन केंद्र सरकार की तिरछी नजर वांगचुक पर पड़ चुकी है। उनके राजनीतिक इरादे और षड्यंत्र धीरे-धीरे खुलने लगे हैं। केंद्र सरकार ने उनकी संस्था को विदेशी चंदा लेने पर रोक लगा दी है। यह भी बताया जाता है कि लद्दाख के युवाओं और छात्रों के भीतर, बीते कुछ समय से, एक उबाल हिलोरे मार रहा था। वे लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और उसे छठी अनुसूची में रखने की मांग लगातार कर रहे थे। हालांकि 2019 में जब लद्दाख को केंद्र शासित क्षेत्र बनाया गया,



तो पूर्ण राज्य बनाने का कोई राजनीतिक और प्रशासनिक आश्वासन नहीं दिया गया था। लद्दाख बहुत छोटा क्षेत्र है। उसकी आबादी करीब 2.75 लाख है। क्षेत्रफल 59,146 वर्ग किमी. है। लद्दाख में बौद्ध धर्म सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। सभ्यता-संस्कृति भी काफी प्राचीन है। क्या भारत सरकार उसे पूर्ण राज्य का दर्जा देगी, जबकि जम्मू-कश्मीर और दिल्ली के ऐसे मांग-पत्र अब भी विचाराधीन हैं। केंद्र और लेह शीर्ष निकाय के बीच चार माह के अंतराल के बाद 6 अक्टूबर को बैठक तय थी, लेकिन उससे पहले ही यह हिंसक विरोध-प्रदर्शन कर दिया गया। जम्मू-कश्मीर के विपक्षी नेताओं द्वारा सवाल उठाये जा रहे हैं कि 2019 में केंद्र शासित प्रदेश बनने पर जश्न मनाने वाले लद्दाख के लोगों में आज आक्रोश क्यों पनप रहा है? वे इस अभिव्यक्ति के आलोक में जम्मू-कश्मीर के राज्य के दर्जे को फिर वापस लौटने की भी मांग कर रहे हैं। निस्संदेह, लेह चीन की सीमा से लगा सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र है, जिसके मुद्दों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि लेह के आंदोलनकारी कई सालों से भूमि संरक्षण व संस्कृति की रक्षा के लिए इस केंद्रशासित प्रदेश को संविधान की छठी अनुसूची का कवच देने तथा पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग करते रहे हैं। उनका कहना था कि केंद्र शासित प्रदेश बनने से क्षेत्र के लोगों की आकांक्षा पूरी नहीं हुई। एक बड़ा मुद्दा क्षेत्र के युवाओं की बेरोजगारी रही है। युवाओं की दलील है कि क्षेत्र के युवाओं को पहले जम्मू-कश्मीर पब्लिक सर्विस सेलेक्शन कमीशन में राजपत्रित अधिकारी पदों के लिए आवेदन का मौका मिलता था, जो लद्दाख के केंद्र शासित प्रदेश बनने पर बंद हो गया। स्थानीय युवा अब केंद्रीय कर्मचारी चयन आयोग की स्पर्धा में टिक पाने में दिक्कत महसूस करते हैं। वहीं लद्दाख की अस्मिता को संरक्षित करने के लिए छठी अनुसूची की मांग लंबे समय से की जाती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भाजपा ने वर्ष 2019 के घोषणापत्र में लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने का वादा किया था। लेकिन अब इस पर आनाकानी की जा रही है। आंदोलनकारी इसके अलावा कारगिल व लेह को लोकसभा सीट बनाने और स्थानीय लोगों को सरकारी नौकरियों में वरीयता देने की भी मांग कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि संविधान के अनुच्छेद 244 की छठी अनुसूची में ऐसी स्वायत्त व अधिकार संपन्न प्रशासनिक इकाइयों का प्रावधान है, जिनके पास जल-जंगल व उद्योगों को लेकर क्षेत्र की संस्कृति व संरक्षण हेतु निर्णय करने का अधिकार होता है। असल सवाल यह है कि जो जायज मांगें हैं, सरकार को उन्हें मानना चाहिए। लेकिन अपनी मांगें मनवाने के लिए हिंसक हो जाना, आगजनी करने को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। लोकतंत्र में जिनका विश्वास है, वो हिंसा से दूर रहते हैं। इसका मतलब है कि लद्दाख की हिंसा सोची-समझी साजिश का नतीजा है। जांच एजेंसियों को इस हिंसा के पीछे चेहरों और नामों का खुलासा देशवासियों के समक्ष करना चाहिए। ताकि देश को सच्चाई का पता चलना चाहिए कि वो कौन लोग हैं जो अपनी राजनीतिक रोटियां या स्वार्थ पूरा करने के लिए युवाओं के कंधों का सहारा ले रहे हैं। सवाल है कि 'जेन ज़ी' की तर्ज पर छेड़े गए आंदोलन और हिंसक प्रदर्शन के जरिए लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाया जा सकता है? भारत नेपाल के बीच जमीन-आसमान का अंतर है। लद्दाख वासियों को शांतिपूर्ण तरीके से अपनी समस्याओं का समाधान खोजना चाहिए। सोनम वांगचुक जैसे छद्म आंदोलनकारियों जिनके राजनीतिक स्वार्थ और पृष्ठभूमि किसी से छिपी नहीं है, से दूर ही रहना लद्दाख और लद्दाख वासियों के लिए श्रेयस्कर होगा।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



केरल के कासरगोड में मधुवाहिनी नदी के तट पर स्थित मधुर महागणपति मंदिर भारत का एक और प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जो भक्तों के बीच आस्था का केंद्र होने के साथ साथ अपनी स्थापत्य सुंदरता और ऐतिहासिक संरचना के लिए भी जाना जाता है। इस प्रसिद्ध मंदिर का निर्माण 10 वीं शताब्दी में कुंबला के मायपदी राजाओं द्वारा करवाया गया था। भगवान गणेश की मूर्ति की विशिष्टता इसे लोकप्रिय बनाती है।

## हृदय का करें अनुसरण



संकलित
दर्शन

कोई भी धर्मग्रंथ हमें धार्मिक नहीं बना सकता। चाहे हम दुनिया के सारे धर्मग्रंथ पढ़ डालें, परंतु फिर भी ईश्वर या धर्म का हमें तनिक भी ज्ञान नहीं होता। हम सारी उम्र धर्म या ईश्वर संबंधी बातें करते रहें, पर हमारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं होती। दुनिया के विद्वानों ने भले ही हमारी बुद्धि प्रखर कर दी हो, पर हम ईश्वर तक नहीं पहुंच सके। पाश्चात्य संस्कृति का दोष यह है कि हम बुद्धि का संस्कार करते समय हृदय के संस्कार की ओर ध्यान ही नहीं देते। इसका परिणाम यह होता है कि मनुष्य दस गुना स्वार्थी हो जाता है। यदि हृदय और बुद्धि में विरोध उत्पन्न हो, तो तुम हृदय का अनुसरण करो, क्योंकि बुद्धि केवल एक तर्क के क्षेत्र में ही काम कर सकती है, वह उसके परे जा ही नहीं सकती, पर वह केवल हृदय ही है, जो हमें उच्चतम भूमिका पर आरूढ़ करता है। वहां तक बुद्धि कभी नहीं पहुंच सकती। हृदय, बुद्धि का अतिक्रमण कर अंतःस्फूर्ति को पा लेती है। बुद्धि से कभी अंतःस्फूर्ति प्राप्त नहीं हो सकती। अंतःस्फूर्ति का कारण केवल ज्ञानोदय बासित हृदय ही है। बुद्धिप्रधान, किंतु हृदय शून्य मनुष्य कभी स्फूर्तिमान नहीं बन सकता। प्रेममय पुरुष की समस्त क्रियाएं उसके हृदय से अनुप्राणित होती हैं। एक ऐसा उच्चतर साधन, जिसे बुद्धि कभी नहीं दे सकती, अगर किसी ने पाया है तो हृदय ने ही, और वह साधन है अंतःस्फूर्ति। जिस तरह बुद्धि ज्ञान का साधन है, उसी तरह हृदय अंतःस्फूर्ति का। शुरुआत में हृदय इतना शक्तिशाली नहीं होता, जितनी कि बुद्धि।

## बहरूपियों से सावधान रहें



संकलित
प्रेरणा

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतरने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतरके वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसके बाद राजा ने कबूतरी को ही उस शिकारी को सजा देने का अधिकार दे दिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए। ये अच्छे व्यक्ति वाले कपड़े उतार दे क्योंकि अच्छे व्यक्ति वेल कपड़े पहन कर धोखे से घिनौने कर्म करने वाले सबसे बड़े नीच होते हैं।



व्यवहार
योगेंद्र माथुर

# समाज में बढ़ता अमर्यादित आचरण का संक्रमण

अमर्यादित आचरण-व्यवहार हमारे आधुनिक जीवन की दिनचर्या का अभिन्न अंग बन गया है। सुबह से रात्रि तक की दिनचर्या में परिवार-कुल की पीढ़ियों के संस्कार बहुत पीछे छूटते दिखाई देने लगे हैं। दिनभर की शुभता के लिए सुबह जागते ही 'कराग्रे वसते लक्ष्मीः, कर मध्ये सरस्वती, कर मुले तू गोविंदम, प्रभाते कर दर्शनम।' बीज मंत्र के साथ हथेलियों के प्रथम दर्शन करने की सनातन संस्कृति की महत्वपूर्ण दार्शनिक व्यवस्था या परम्परा के स्थान पर आधुनिक जीवन की दिनचर्या का आरंभ 'मोबाइल दर्शन' के साथ 'हैलो-हाय' से हो रहा है। मोबाइल संस्कृति में पोषित-पल्लवित व कथित 'स्टेटस मेंटेन' करने की अंधी होड़ में लगे नवकुबेर या धनाढ्य वर्ग के लोगों सहित पाश्चात्य जीवन शैली को पसंद करने वाले प्रायः अन्य सभी वर्गों के लोगों को पहनने-ओढ़ने, खाने-पीने, सोने-जागने से लेकर उठने-बैठने, कहीं आने-जाने, कुछ भी खरीदने-बेचने और चाहे जैसा या कुछ भी बोलने तक के तौर-तरीकों में कोई रोक-टोक या बंधन स्वीकार नहीं है। ट्रैफिक के नियमों का पालन करना ये लोग जानते नहीं, कहीं भी लाइन तोड़कर बीच में घुसना विशेषाधिकार समझा जाता हैं। रिश्तों की गरिमा दिन-ब-दिन क्षीण होती नजर आ रही है। बड़े-बुजुर्गों का सम्मान ताक पर रखा गया लगता है। अनाचार, व्याभिचार तेजी से बढ़ता दिख रहा है। परिधान कितना ही अश्लील या भद्दा लगे, 'हमे जो अच्छा लगेगा वहीं पहनेंगे, आपकी मर्जी का थोड़े ही पहनेंगे।' सभ्यता, शिष्टाचार केवल शब्दकोश के शब्द तक सीमित रह गए लगते हैं। पाश्चात्य सभ्यता व संस्कृति के रंग में रंगी हमारी किशोर व युवा पीढ़ी में यह निरंकुशता अधिक दिखाई देती है। पब बार या कॉकटेल पार्टियों से देर रात घर लौटने और सुबह देर तक सोई रहने वाली आधुनिक युवा पीढ़ी सहित अमर्यादित जीवन जीने व असभ्य आचरण-व्यवहार का प्रदर्शन करने वाले लोग अपने जीवन के साथ साथ परिवार, समाज व राष्ट्र तक के वातावरण को प्रदूषित कर रहे हैं। महानगरों से आरंभ हुई यह कुसंस्कृति मध्यम श्रेणी के शहरों से होती हुई अब कस्बेनुमा शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों तक को संक्रमित कर रही है। ऐसा भी नहीं कि समूचे समाज या राष्ट्र में मर्यादा या संस्कारों का सूखा पड़ गया है। सभ्य, सुशिक्षित, संस्कारित व भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन जीने वाले लोग भी हैं जो भारतीय संस्कृति की सुगंध समूची दुनिया में फैलाने में लगे हैं। युवा पीढ़ी का एक बड़ा वह वर्ग भी है जो बड़े सपने देख रहा है और उन्हें कार्यरूप में परिणित कर नित नई उपलब्धियों के साथ सफलता के उच्च कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। अपनी शिक्षा, कार्य व संस्कार के माध्यम से देश सेवा में जुटे ऐसे ही लोगों के दम पर भारत विकास के नए आयाम छू रहा है और 'विश्व गुरु' बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। लेकिन समाज व राष्ट्र की कड़वी सच्चाई यह है कि स्वतंत्रता के नाम पर स्वच्छंदता व उच्छृंखलता अधिक बढ़ती दिख रही है। स्वस्थ व सुंदर समाज के निर्माण के मान से यह स्थिति अत्यधिक चिंताजनक है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जीरो टैक्स या पूर्ण नेट बैंकिंग में छिपी देश की समृद्धि

जीरो टैक्स से व्यापारी अपनी ताकत हिसाब-किताब में लगाने के बजाय, व्यापार पर और अधिक तवज्जो देने के साथ-साथ, प्रतिदिन अधिक से अधिक धन बैंक में जमा करवा सकता है। इससे देश में धन संचालन और अधिक बढ़ जाएगा, जो विकास को चार चांद लगा सकता है। इसमें कोई संदेह नहीं कि व्यक्तिगत विकास से लेकर समूचे देश के विकास में धन ही रीढ़ की हड्डी तुल्य है। अभी हमारे नीति निर्धारकों को जीरो टैक्स का औचित्य शायद अटपटा लगे, तो विकल्प के रूप में पैसे का लेन-देन पूर्णतः नेट बैंकिंग के द्वारा हो जाए, तो करदाता हिसाब-किताब से अनिश्चितता की तलवार से निश्चित ही राहत पाएगा। फलस्वरूप भ्रष्टाचार जड़ से खत्म हो जाएगा तथा देश समृद्ध होगा। - **विकास शर्मा**, राजनांदगांव

## करंट अफेयर

# हंगरी, रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा: पीएम

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूसी तेल और गैस की खरीद रोकने की मांग किए जाने के बावजूद उनका देश रूस से जीवाश्म ईंधन खरीदना जारी रखेगा। ओर्बन ने अपने सहयोगी देश अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप को बताया कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा।



फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद यूरोप के ज्यादातर देशों ने रूसी तेल और गैस की खरीद बंद कर दी है लेकिन हंगरी उन देशों में शामिल है, जो अब भी रूस से तेल और गैस खरीद रहा है। ट्रंप ने इस महीने की शुरुआत में हंगरी समेत नाटो के सभी देशों से अपील की थी कि वे रूसी तेल की खरीद बंद करें। ओर्बन ने सरकारी रेडियो को दिए एक बयान में कहा कि रूसी ऊर्जा पर रोक लगाना हंगरी की अर्थव्यवस्था के लिए ''विनाशकारी'' होगा। ओर्बन ने कहा, मैंने अमेरिकी राष्ट्रपति से कहा ... कि यदि हंगरी को रूसी तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति नहीं मिली तो एक मिनट के भीतर ही हंगरी की अर्थव्यवस्था प्रभावित होने लगेगी... इसका मतलब है कि हंगरी की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो जाएगी।''

## ऑफ बीट

# जानवरों के लिए अस्तित्व की लड़ाई में रंग बड़ा हथियार

जानवरों की दुनिया अविश्वसनीय रूप से रंगीन है और रंग अस्तित्व के लिए लगातार जारी संघर्ष में अहम हथियार साबित होते हैं। ज्यादातर जानवर शिकारियों से बचने के लिए छलावरण का सहारा लेते हैं। वहीं, कुछ जानवर गहरे और चमकीले रंग दिखाकर संभावित शिकारियों को आगाह करते हैं कि वे उनके लिए उपयुक्त शिकार नहीं हैं। शिकारियों को आगाह करने की यह रणनीति "एपोसेमेटिज्म" या चेतावनी रंगीकरण कहलाती है। हालांकि, "एपोसेमेटिज्म" छलावरण से कम प्रचलित है, लेकिन पर्यावरणीय दबावों के कारण तितलियों, भृंगों, कीड़ों, समुद्री स्लग, जहरीले मेंढकों और यहां तक कि पक्षियों ने भी स्वतंत्र रूप से इस रणनीति को अपना लिया है। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि जानवरों की विभिन्न नस्लें इनमें से किसी एक रणनीति का इस्तेमाल क्यों करती हैं। क्या इनमें से कोई एक रणनीति आमतौर पर ज्यादा सफल होती है? किन विशिष्ट परिस्थितियों में एक रणनीति दूसरी रणनीति से बेहतर साबित होती है? 'साइंस' पत्रिमा में शुक्रवार को प्रकाशित हमारा नया अध्ययन इन सवालों के जवाब देने की कोशिश करता है।



## ट्रेंड

### मां दुर्गा की पूजा

नवरात्रि के दौरान, पश्चिम बंगाल एक विशेष ऊर्जा और आनंद से भरपूर होता है। आज कोलकाता में संतोष मित्रा स्क्वायर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया और माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की। उनकी कृपा से सभी का कल्याण हो।
-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री



### मिग-21

भारत की सुरक्षा यात्रा में मिग -21 एक सारथी की तरह हमेशा हमारे साथ रहा। आने वाले समय में दुनिया कहेगी कि भारत वही देश है जिसने मिग -21 से शुरुआत की और आज फ्यूचर टेक्नॉलजी में विश्व का लीडर बना।
-राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री



### पेपर लीक

देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की ज़िंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है। उत्तराखंड का यूकेएसएसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है। बीजेपी ने चोरी से लाखों युवाओं की पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया।
-राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस



### लखपति दीदी अभियान

मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना ने केंद्र सरकार के लखपति दीदी अभियान को भी नई मजबूती दी है। मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी अभियान, बीमा सखी अभियान, बैंक दीदी अभियान... ये सब भी आपके लिए रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बना रहे हैं।
-केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# सुपर ओवर में अर्शदीप के कमाल से भारत ने श्रीलंका को औपचारिकता के मैच में हराया




## अर्शदीप ने सुपर ओवर में महज 2 रन दिए

एजेंसी दुबई

सलामी बल्लेबाज पाथुम निसांका के आक्रामक शतक ने भारतीय गेंदबाजों को एशिया कप में पहली बार दबाव में ला दिया लेकिन सुपर ओवर में अर्शदीप सिंह के बेजोड़ प्रदर्शन से भारतीय टीम ने श्रीलंका को हराकर टूर्नामेंट में लगातार छठी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रहे अभिषेक शर्मा के टूर्नामेंट में तीसरे अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन बनाये। जवाब में निसांका के शतक की मदद से श्रीलंका ने जीत की ओर लगभग कदम रख दिया था। हर्षित राणा के आखिरी ओवर में उसे 12 रन और आखिरी गेंद पर तीन रन चाहिये थे जिस पर दासुन शनाका दो ही रन ले पाये और मैच सुपर ओवर में चला गया। सुपर ओवर पूरी तरह से अर्शदीप के नाम रहा जिन्होंने पांच गेंद में दो रन देकर दो विकेट लिये। भारत को तीन रन का लक्ष्य मिला जो कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पहली ही गेंद पर हासिल कर लिया। फाइनल में रविवार को भारत का सामना पाक से होगा। टूर्नामेंट में ग्रुप चरण और सुपर 4 में भारत उसे हरा चुका है। इससे पहले लक्ष्य का पीछा करते हुए कुसल मेंडिस को हार्दिक पंड्या ने पहले ही ओवर में आउट कर दिया। इसके बाद निसांका (58 गेंद में 107 रन) और परेरा (32 गेंद में 58 रन) ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया।




## टी-20 एशिया कप में पहली बार मैच टाई हुआ

### भारत-202/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| अभिषेक का मेंडिस बो असलंका | 61 |
| शुभमन गिल का और बो तीक्षणा | 4 |
| सूर्यकुमार पगबाधा बो हसरंगा | 12 |
| तिलक वर्मा नाबाद | 49 |
| संजू का असलंका बो शनाका | 39 |
| हार्दिक पंड्या का और बो चामीरा | 2 |
| अक्षर पटेल नाबाद | 21 |

अतिरिक्त : 14 रन
योगः 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन
विकेट पतन : 1-15 , 2-74 , 3-92, 4-158 , 5-162
गेंदबाजीः तुषारा 4-0-43-0, तीक्षणा 4-0-36-1, चामीरा 4-0-40-1, हसरंगा 4-0-37-1, शनाका 2-0-23-1, असलंका 2-0-18-1

### श्रीलंका-202/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पाथुम का वरूण बो राणा | 107 |
| कुसल मेंडिस का गिल बो पंड्या | 0 |
| परेरा स्ट सैमसन बो वरूण | 58 |
| चरित का गिल बो कुलदीप | 5 |
| मेंडिस का पटेल बो अर्शदीप | 3 |
| दासुन शनाका नाबाद | 22 |
| जनित लियानागे नाबाद | 2 |

अतिरिक्त : पांच रन
योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 202 रन
विकेट पतन : 1-7 , 2-134 , 3-157 , 4-163 , 5-191
गेंदबाजीः पंड्या 1-0-7-1, अर्शदीप 4-0-46-1, राणा 4-0-54-1, अक्षर 3-0-32-0, कुलदीप 4-0-31-1, वरूण 4-0-31-1

## खबर संक्षेप



### ओलंपिक एशिया पैसिफिक में भारत ने जीते चार पदक

**नई दिल्ली।** भारत ने कुआलालंपुर में विशेष ओलंपिक एशिया पैसिफिक बैडमिंटन टूर्नामेंट में विभिन्न स्पर्धाओं में एक स्वर्ण और तीन रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। चनवी शर्मा ने 16 से 20 सितंबर तक आयोजित की गई चैंपियनशिप में महिला एकल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता और अपनी जोड़ीदार सुजीता सुकुमारन के साथ मिलकर महिला युगल में रजत पदक हासिल किया। अंकित दलाल ने पुरुष एकल में रजत पदक और अमल बिजू के साथ मिलकर पुरुष युगल में एक और रजत पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या दोगुनी कर दी। मलेशिया में भारत के उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने भी समापन समारोह में खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। इस प्रतियोगिता में 10 देशों के 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

### भारत के खिलाफ शामार की जगह लेन खेलेंगे टेस्ट सीरीज

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के स्टार तेज गेंदबाज शामार जोसेफ अज्ञात चोट के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला नहीं खेलेंगे, जिनकी जगह नए हरफनमौला जोहान लेन को टीम में जगह मिली है।



दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगी। वेस्टइंडीज क्रिकेट ने लिखा,' जोहान लेन ने भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम में शामार जोसेफ की जगह ली है।' बोर्ड ने चोट के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है कहा गया है कि बांग्लादेश के खिलाफ 18 अक्टूबर से शुरू हो रही सीमित ओवरों की श्रृंखला से पहले उनकी फिटनेस की समीक्षा की जाएगी। पिछले साल वेस्टइंडीज के लिये टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले जोसेफ ने 11 टेस्ट में तीन से ऊपर की इकॉनॉमी दर से 51 विकेट लिए हैं। बाईस वर्ष के लेन 19 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 495 रन बनाने के अलावा 66 विकेट ले चुके हैं।

### न्यूजीलैंड क्रिकेट के हाई परफार्मेंस निदेशक बने स्टीड

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के पूर्व मुख्य कोच गैरी स्टीड फिर जुड़ गए हैं और अब वह हाई परफार्मेंस निदेशक होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बताया कि स्टीड खिलाड़ियों और कोचों के विकास के साथ हाई



परफार्मेंस कार्यक्रमों के प्रभारी होंगे। इससे पहले जून में उन्होंने मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह 2018 से 2025 तक टीम के कोच थे। इस दौरान न्यूजीलैंड टीम 2019 वनडे विश्व कप, 2021 टी20 विश्व कप और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल तक पहुंची। न्यूजीलैंड ने 2019-21 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में भारत को हराया। स्टीड ने कहा,' न्यूजीलैंड क्रिकेट पिछले तीस साल से मेरे दिल के काफी करीब है और खेल से जुड़े रहकर बहुत अच्छा लग रहा है।'

### भारत ने 9 विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर किया खड़ा

# अंडर-19: भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 167 रनों से हराया, वनडे सीरीज में किया क्लीन स्वीप

एजेंसी ब्रिसबेन

मध्यक्रम के बल्लेबाज वेदांत त्रिवेदी और राहुल कुमार के अर्धशतकों और वामहस्त स्पिनर खिलान पटेल के चार विकेट की बदौलत भारत अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को 167 रनों के बड़े अंतर से हराकर तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में क्लीन स्वीप कर लिया। वेदांत (92 गेंदों पर 86 रन) और राहुल (84 गेंदों पर 62 रन) की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी से भारत ने नौ विकेट पर 280 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया ए को अच्छी शुरुआत नहीं मिली और टीम ने 39 रन पर ही तीन विकेट गंवा दिए। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन (26 रन पर तीन विकेट) और स्पिनर खिलान पटेल (26 रन पर चार विकेट) के लगातार दबाव के कारण घरेलू टीम 28.3 ओवर में सिर्फ 113 रनों पर ढेर हो गई। भारत ने पिछले दो मैचों में मेजबान टीम को सात विकेट और 51 रनों से हराया था।

### वेदांत और राहुल ने की चौथे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी



### म्हात्रे और वैभव का नहीं चला बल्ला

इससे पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान आयुष म्हात्रे (चार) और आक्रामक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी (16) के विकेट जल्दी गिरने से झटका लगा। म्हात्रे लगातार तीसरी बार दहाई के आंकड़े पर पहुंचने में नाकाम रहे। सातवें ओवर में 36 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद वेदांत ने विहान मल्होत्रा (40) के साथ तीसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी कर भारतीय पारी को पटरी पर लाना शुरू किया। वेदांत ने इस दौरे का दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 92 गेंद की पारी में आठ चौके लगाए। विकेटकीपर बल्लेबाज हरवंश पंगलिया (23) और पुछल्ले बल्लेबाज खिलान पटेल के नाबाद 19 रनों ने भारत अंडर-19 को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा करते हुए घरेलू टीम ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाते रही और सिर्फ़ तीन बल्लेबाज़ ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

### ऑस्ट्रेलियाई टीम 113 रन पर आउट

इसके जवाब में उतरी ऑस्ट्रेलिया की अंडर 19 युवा टीम 28.3 ओवर ही बल्लेबाजी कर पाई और 113 रन पर आउट हो गई। टीम का कोई भी बल्लेबाज 50 का आंकड़ भी नहीं छू पाया। भारत ने बड़ी आसानी से 167 रन से इस मैच को जीत लिया। भारत के लिए खिलान पटेल ने 7.3 ओवर में केवल 26 रन देकर चार विकेट लिए। उद्धव मोहन ने 5 ओवर में 26 रन खर्च कर तीन विकेट अपने नाम किए। कनिष्क चौहान ने छह ओवर में 18 रन देकर दो खिलाड़ियों को पवेलियन भेजा। सीरीज के सभी तीन मैच भारत ने अपने नाम कर लिए हैं। इसके बाद दूसरा मुकाबला भारत ने 51 रन से जीता और आखिरी मैच अब 167 रन से जीत लिया। अब टेस्ट के दो और मैच बाकी हैं, जो 30 सितंबर और सात अक्टूबर से खेले जाएंगे। इसमें भी भारत के युवा प्लेयर्स पर नजर रहने वाली है।

क्रिकेट

# राहुल और सुदर्शन का शतक भारत-ए ने जीती टेस्ट सीरीज



एजेंसी लखनऊ

लोकेश राहुल और बी. साई सुदर्शन की शतकीय पारियों से भारत ए ने दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के चौथे और आखिरी दिन शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ए को पांच विकेट से हराकर दो मैचों की श्रृंखला 1-0 से जीत ली। भारत ए ने जीत के लिए मिले 413 रन के लक्ष्य को अपनी दूसरी पारी में आसानी से हासिल कर लिया।

यह देश के प्रथम श्रेणी इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते छठी सबसे बड़ी जीत है। भारतीय टीम को अगले महीने वेस्टइंडीज के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलनी है और राहुल की लय टीम के लिए शुभ संकेत है। दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने 210 गेंद की पारी में 16 चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 176 रन बनाए। भारत ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 169 रन से आगे से की। टीम ने 189 रन पर पहुंचने के बाद मानव सुथार (पांच) का विकेट गंवा दिया। सुदर्शन हालांकि एक छोर पर डटे रहे और 172 गेंद में 100 रन की पारी के दौरान उन्होंने कप्तान ध्रुव जुरेल (56) के साथ चौथे विकेट के लिए 78 रन जोड़कर टीम को लक्ष्य के करीब ले जाने की कोशिश की। सुदर्शन ने 170 गेंदों में प्रथम श्रेणी करियर का आठवां शतक जड़कर वेस्टइंडीज के खिलाफ आगामी घरेलू टेस्ट मैचों के लिए अपने चयन को सही साबित किया। तेईस साल का यह बल्लेबाज शतक पूरा करने के दो गेंद बाद ही ऑस्ट्रेलिया के ऑफ स्पिनर कोरी रोचिचियोली की गेंद आउट हो गया।

गोल्फ

# जमाल ने जीता तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स खिताब

एजेंसी हैदराबाद

बांग्लादेश के जमाल हुसैन को भारी बारिश के कारण अंतिम दौर रद्द किए जाने के बाद एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि वाले तेलंगाना गोलकोंडा मास्टर्स का विजेता घोषित किया गया। चंडीगढ़ के अक्षय शर्मा उपविजेता रहे।

टूर्नामेंट का नतीजा 54 होल के बाद कुल स्कोर के आधार पर घोषित किया गया। हुसैन (61-62-64) तीसरे दौर के बाद 54 होल में 23 अंडर 187 के स्कोर की बदौलत चार शॉट से आगे चल रहे थे। इस तरह उन्होंने अपना छठा और पिछले



साल नवंबर के बाद पहला खिताब जीता। ढाका के 40 वर्षीय हुसैन ने 15 लाख रुपए की राशि प्राप्त की, जिससे वह 2025 'पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट' में 14वें स्थान से 10वें स्थान पर पहुंच गए।

### लेडीज ओपन डि फ्रांस : 23वें स्थान पर प्रणवी



**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने लैकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस के पहले दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से शुरुआत की, जिससे वह भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ संयुक्त 23वें स्थान पर बनी हुई हैं। अन्य भारतीयों के लिए दिन सामान्य रहा, जिसमें दीक्षा डागर ने एक ओवर 72 का कार्ड बनाया, जिससे वह संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। वहीं अवनि प्रशांत (73) संयुक्त 70वें और त्वेसा मलिक (74) संयुक्त 82वें स्थान पर बनी हुई हैं। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शुरुआत की जो इतना अच्छा नहीं रहा। दिन की उनकी पहली बर्डी 10वें होल पर लगी लेकिन 11वें होल पर वह एक शॉट ड्रॉप कर बैठीं। उन्होंने फिर 12वें होल पर बर्डी लगाई जबकि बाकी होल पार रहे।

### ताइवान मास्टर्स गोल्फ : संयुक्त 31वें स्थान पर संधू



**न्यू ताइपे सिटी।** गोल्फर युवराज संधू मर्क्यूरीज ताइवान मास्टर्स गोल्फ में पहले दौर में दो ओवर 74 के कार्ड के साथ भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। संधू अमेरिकी मूल के भारतीय खिलाड़ी मानव शाह के साथ संयुक्त-31वें स्थान पर है। अन्य भारतीय शिव कपूर (76) संयुक्त 66वें, राशिद खान (77) संयुक्त 77वें , एसएसपी चौरसिया (79) संयुक्त 100वें , अजितेश संधू (79) संयुक्त100वें , राहिल गंगजी (80) संयुक्त 108वें और विराज मदप्पा (82) संयुक्त 117वें स्थान पर है।

# पाकिस्तानी खिलाड़ियों पर आईसीसी का एक्शन, एक को सजा, दूसरे को चेतावनी

एजेंसी दुबई

भारत के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान असभ्य और आक्रामक भाव भंगिमा के लिए पाकिस्तानी तेज गेंदबाज हारिस रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया जबकि उनके साथी साहिबजादा फरहान को गोली चलाने का इशारा करके जश्न मनाने के लिए सिर्फ चेतावनी दी गई। टूर्नामेंट के सूत्र ने कहा, 'मैच रैफरी रिची रिचर्डसन ने शुक्रवार को अपनी सुनवाई पूरी की। हारिस रऊफ पर आक्रामक व्यवहार के लिए उनकी मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और फरहान को चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।' टूर्नामेंट के सूत्रों के अनुसार रऊफ और फरहान ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की



रऊफ पर मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना

सुनवाई में भारत के खिलाफ मैच के दौरान भड़काऊ भाव भंगिमा के लिए खुद को निर्दोष बताया।

यह सुनवाई मैच रैफरी रिची रिचर्डसन के यहां पाकिस्तान टीम के होटल में की गई। दोनों खिलाड़ी लिखित में दिए गए जवाबों के बावजूद व्यक्तिगत रूप से उनके सामने पेश हुए। उनके साथ टीम मैनेजर नवीद अकरम चीमा भी थे।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला चौथा देश भारत

एजेंसी नई दिल्ली

ब्लेड रनर, कृत्रिम अंगों और व्हीलचेयर की मदद से प्रतिस्पर्धा करने वाले दुनिया के कुछ बेहतरीन पैरा खिलाड़ी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद शनिवार से शुरू हो रही अब तक की सबसे बड़ी विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अद्भुत साहस, संकल्प और संघर्ष क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत विश्व पैरा खेलों का उभरती हुई ताकत बन चुका है और पहली बार इन खेलों की मेजबानी कर रहा है। 5 अक्टूबर तक चलने वाले इस प्रतियोगिता के 12वें सत्र का उद्घाटन गुरुवार को जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में हुआ। यह अब तक की सबसे बड़ी पैरा एथलेटिक्स चैपियनशिप है, जिसमें 104 देशों के लगभग 2200 खिलाड़ी और अधिकारी मौजूद है। भारत, कतर (2015), यूएई (2019) और जापान (2024) के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला चौथा देश बना है।



### आज होगी ये स्पर्धाएं

शनिवार 27 सितंबर को पुरुषों की 5000 मीटर टी11, पुरुषों की 100 मीटर टी71, महिलाओं की 100 मीटर टी71, पुरुषों की 100 मीटर टी47, महिलाओं की 400 मीटर टी20, महिलाओं की लंबी कूद टी37, पुरुषों की लंबी कूद टी11, महिलाओं की गोला फेंक एफ41, महिलाओं की गोला फेंक एफ36, पुरुषों की गोला फेंक एफ37, महिलाओं की चक्का फेंक एफ53, पुरुषों की ऊंची कूद टी63, महिलाओं की भाला फेंक एफ46 में पदक स्पर्धाएं होंगी।

# 1 अक्टूबर से चेन्नई में पहला बीएफआई कप

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) उभरते मुक्केबाजों को राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से 1 से 7 अक्टूबर तक चेन्नई में पहला बीएफआई कप आयोजित करेगा। यह प्रतियोगिता पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए 10 वर्गो में आयोजित की जाएगी, जिसके स्वर्ण और रजत पदक विजेताओं को एलीट राष्ट्रीय शिविर में प्रवेश मिलेगा।


हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | रोहतक में आर्य चौपाल सेवा समिति में शौचालय और कमरे का निर्माण + 6 कार्य | 25.09.2025 02.10.2025 | ईएमडी रु. 45.22 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39098/I/88/6 दि. 26.09.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | नगर निगम रोहतक क्षेत्र से सभी प्रकार के मृत जानवरों को उठाने/निपटान के अनुबंध के आवंटन हेतु निविदा | 26.09.2025 03.10.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39091/I/88/6 दि. 26.09.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक (म.द.विश्वविद्यालय) | एक नई एडवांस टेक्नोलॉजी परफेक्ट बाइंडर मशीन (रोहतक) की खरीद | 25.09.2025 17.10.2025 | रु. 11.00 लाख (जमा जीएसटी) | https://etenders.hry.nic.in | 9467316611 manager.press@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39090/I/88/6 दि. 26.09.25

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका, महेंद्रगढ़ | नगर पालिका, महेंद्रगढ़ में लीगेसी वेस्ट का बायो-रीमीडियेशन और रिक्लेमेशन | बंद होने की तिथि 06.10.2025 | रु. 291.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9499126150 secy-mgarh@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/39093/I/88/6 दि. 26.09.25


हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY *Conditions apply

Hero GoodLife जीतने का मौका 100% कैशबैक | सोने का सिक्का और भी बहुत सुनिश्चित बेनिफिट्स#

Also available on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L.35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. As per cumulative dispatch numbers till August 2025. 5 crore customers as per the cumulative dispatch numbers of the Splendor family series of motorcycles till March 2025. ^Finance offers are at the sole discretion of the financier, subject to its respective T&Cs. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Limited period offer, T&C apply. *Ex-showroom prices are applicable in Haryana.

TOLL FREE 1800 266 0018

**Authorised Dealers:** Ambala Cantt: Haryana Motors- 9289923122; Ambala City: Dhruv Hero - 9289922868; Assandh: Sandhu Hero - 9996571157; Bahadurgarh: Satvik Hero - 9289922550 Bhiwani: Jaya Hero - 9289922056; Ellenabad:Ajit Hero - 9289922505; Fatehabad: Shri Balaji Hero - 9289922057; Gharaunda: Laxmi Hero - 9289922433; Gohana: Krishna Hero - 9289923026; Hisar: Chaudhary Hero - 9289922049, Vikrant Hero - 9289923082; Jhajjar: Pushkar Hero - 9289923147; Jagadhari: Khanna Hero - 9289922050; Jind: National Hero - 9289922061; Kaithal: Chaudhary Hero - 9289922062; Karnal: Nirmal Hero - 9289922048; Kurukshetra: VPS Hero - 9289922988; Ladwa:Khanna Hero - 9289922063; MandiDabwali:Karan Hero - 9289922490; Nuh: Sunil Hero - 9289923087; Narnaul: Autodeals Hero - 9289922058; Narwana: Narwana Hero- 9289923101; Palwal: DevVaahan Hero - 9289922877; Panchkula: Regent Hero - 9289923161; Panipat: Kadian Hero - 9289923182, Sahib Hero - 9289922059; Pehowa: Saraswati Hero - 9289922393; Rewari: Virendra Hero - 9289922060; Rohtak:Shivam Hero - 9289922047; Sirsa: Khanna Hero- 9289923195; Sonipat: Madaan Hero - 9289922865; Yamuna Nagar: Rohit Hero - 9289922394; Hansi: Sunil Motors- 9821744694.

RS/Hero/09/25